SHRIMATI PARVATHI KRISHNAN: Please wait for me to finish my sentence. How I can forget tribal areas when you are there. Tribal areas also are concerned because the harassment can really be quite considerable—as far as the mental, unsound mind, etc etc., is concerned—and unless something specific is there as to who should be the certifying authority and how the court will be satisfied, this could lead to a lot of distortion and a lot of abuse. Because if you just have any old practitioner or so called psychiatrist, I am very nervous of these quack psychiatrists who are there throughout the country. Therefore, you must have somebody who is really a recognised specialist or someone who is an expert to go into it. Otherwise the harassment or the various methods like giving drugs, etc etc., will continue where these conditions could be created. Therefore, I think that we should have some safeguard against the abuse of that clause which would operate against the women, mainly. Because we are still in a man's world. It does not make women's world by having a woman Prime Minister and some women Members in Parliament. And you will agree with me when after my speech you have the men who are going to speak on this subject.

Then on page 16, the Law Commission had stated that the petitions of divorce should be disposed of within six months and the appeals within three months. Now from the manner in which the amendment is worded, it could again go into any length of time. It is a sort of, if I may say so, permissive measure. Here is what it says: "and endeavour shall be made to conclude the trail within six months." What endeavour shall be made to conclude the trial within 6 months. The Law Commission was specific that it should be done within six months, not that just the "endeavour" should be made. And similarly with regard to appeal also, "endeavour shall be made"—the word 'dedication' is not there—"an endeavour shall be made to conclude the trial within three months from the date of serving of notice to the appellant."

The Law Commission headed by Mr. Justice Gajendragadkar had gone into all the aspects and made these recommendations because they thought it necessary that these cases should not be pending for that length of time and people should not be kept in suspense for that length of time. When you say you are accepting the recommendations of the Commission the provisions in the Bill should have been exactly the same as recommended.

Time was when during the discussion and voting on the Hindu Marriage Bill and the Special Marriage Bill no whip was issued, so that people could vote freely according to their conscience. The debate in Parliament also went into the old and ancient customs, practices, etc. I am happy that now we have progressed sufficiently to find that the government is not forced to give a free vote but can carry its party with it on a progressive measure. It is a very happy situation indeed, but at the same time, let us not think that just by passing these measures we are going to achieve everything. It is necessary that we should have an approach of changing our social and economic condition

[Shrimati Parvathi Krishnan]

which I alone will help to see that implementation is there and the people participate in the implementation.

In conclusion, I would like to remind the House of the words of our ex-President the late Dr. Radhakrishnan:

> "We need a revolution in our thought and outlook. From the altar of the past, we should take the living fire and not the dead ashes. Let us remember the past, be alive to the present and create the future with courage in our hearts and faith in ourselves."

I would like to ask the Law Minister to have that faith and accept the suggestions I have made in regard to compulsory registration of marriages and raising the age of marriage.

SHRI JAGANNATH RAO (Chatrapur): Sir, I rise to support the Bill. Our Hindu society was based on the laws of Manu and conventions and practices. But in 1954 we passed the Special Marriage Act and in 1955 we passed the Hindu Marriage Act. At that time there was a lot of protest in the country, but still we passed that legislation and it was a step forward. In 1929, we passed the Child Marriage Restraint Act abolishing child marriages. Social legislations are necessary for society to advance and develop on modern lines so that antiquated and outmoded concepts and conventions based on religious superstition may go.

For the first time, provision for divorce was made in the Hindu Marriage Act, 1955 and in the Special Marriage Act in 1954. Earlier under the Hindu Law, marriage was considered to be a sacrament and there was no question of divorce. The husband and the wife had to live together till death. We took a step forward when we passed the Special Marriage Act in 1954 and the Hindu Marriage Act in 1955 providing for divorce and other incidental matters connected therewith. Now an attempt is being made to liberalise and streamline the provisions in both the Acts. If you read the provisions of the Bill, you will find that both the Hindu Marriage Act and Special Marriage Act are sought to be amended on the same lines. In doing so, one major step that has been taken is to reduce the period of three years under section 13 for filing a petition for divorce to one year. Therefore, if a husband and wife feel that they cannot live as husband and wife, why should they be forced to live together? Under Section 13, the period of judicial separation was three years and now, it has been reduced to one year. After one year, it is open to either party to move the court. The cases of mental disorder, epilepsy, etc. have been liberalised. To exercise free will is also included in this Bill. Though the marriage is solemnized religiously in our society, still it is open to an agreement. Both the husband and wife should be happy, this should be the purpose. Where husband and wife do not agree and quarrels go on in the house, what will be the fate of the children? Now a days, most of the children are neglected because of quarrels in the family. So, this provision is wholesome.

A time has come when we should look into the lacunae and defects that have come to notice while implementing this Act. It shall be the duty of the Government to see that lacunae and loopholes are removed so that the wholesome measure is implemented and the results which are contemplated in the Act are achieved.

Mrs. Parvathi Krishnan was against matrimonial adverstisements. She had her own reasons. Mr. Ram Gopal Reddy is in favour of matrimonial advertisements. If a person wants to marry, there is no harm if he goes for advertisement. If the matrimonial advertisements are not there, then cheats will come in the field. Why do you want to encourage them? If you are looking for a particular girl it is open to you to go in for advertisement and can get the girl of your choice. Why should anybody object to that?

Apart from that, the period of judicial separation has been reduced to one year. So, this is a whole-some provision. Divorce by consent is also provided in the Act which was not there before.

Another provision has also been made. After the lapse of one year and after the decree is passed, it is open to either of them to marry the divorcee. They can review this and again come back. Therefore, this is a wholesome measure, though it has come a bit late. I wish the age of the marriage should also be raised to 18 and 21 for girls and boys. Perhaps the Minister wants to do it by a separate legislation. I do not know. Therefore, these are the steps which we are taking in the field of social legislation, because propagation of the species is a human instinct, just as it is an animal instinct. Family should be a happy unit of the society. We should, therefore, encourage such happy families. I hope and believe that these measures would go a long way in creating happy families, whose offspring, *viz.*, the children, would be able to grow up well, and grow up to be useful citizens.

श्री शिव कुमार शास्त्री (अलीगढ़) : अध्यक्ष महोदय, जो विधेयक विचारार्थ प्रस्तुत किया गया है मेरी दृष्टि से यह बहुत गम्भीरता से मनन करने की अपेक्षा रखता है । मैं प्रथम वक्ता की इस भावना से सर्वथा सहमत हूं कि इसको प्रवर समिति को सौंपा जाए और इसके प्रत्येक पहलू पर गम्भीरता से विचार किया जाए । कोई प्रथा पुरानी चली आ रही है इसलिए वह दोषपूर्ण है और नया अध्याय जो हम खोलने के लिए जा रहे हैं वह सर्वगुण सम्पन्न होगा यह भावना हमें पहले से ही नहीं बना लेनी चाहिये ।

वि और वह इन दो शब्दों से मिल कर विवाह शब्द बना है । वि का अर्थ है विशेष रूप से, अच्छी तरह से और वह का अर्थ है जिम्मेदारी को उठाना, कर्तव्य का पालन करना । योग्यता के साथ स्त्री पुरुष गृहस्थ के दायित्वों को समझ कर, उनको अपने कंधे पर उठाने के लिए तैयार हों उस शब्द का नाम है विवाह और इस शब्द के साथ एक दूसरा शब्द भी पुराने समय से जुड़ा हुआ चला आ रहा है, 'संस्कार' / 'संस्कार' का अर्थ है किसी काम को ऐसी योग्यता और काबलियत से करना ताकि उसका पूरा पूरा लाभ उठाया जा सके । संस्कार वह चीज है जो मामूली सी चीज को भी बहुत मूल्यवान बना दे और वही संस्कार यदि प्राप्त न हो तो जिस चीज का बहुत विकास होने वाला है वह भी नगण्य होकर रह जाए । जिस समय हम खान से लोहे को निकालते हैं तो वह मिट्टी से मिला हुआ होता है । उसकी कोई कीमत नहीं होती । संस्कार अर्थात् सफाई होने के बाद वह लौह पिंड बन जाता है, उसका कुछ मूल्य हो जाता है । उसके बाद जैसे जैसे कारीगरों के हाथ में उसका संस्कार होता जाता है वैसे वैसे उसका मूल्य भी बढ़ता जाता है । यही बात मनुष्य की भी है ।

मैं इस बिल की जो धाराएं हैं उन पर विस्तार से कुछ कहना नहीं चाहता हूं । लेकिन मैं इतना अवश्य समझता हूं कि उन पर बहुत ही गम्भीरता से विचार करने की आवश्यकता है । कानून का उद्देश्य और मंशा यह होना चाहिये कि समाज के अन्दर सुधार की प्रवृत्ति जगे । यदि उससे बुराई पनपती है और अपराध की भावना जगती है तो वास्तविक जो उसका उद्देश्य है उसके विपरीत चल रहा है, ऐसा कहा जाएगा । चाहिये तो यह था कि अब तक इस कानून के क्या नतीजे निकले हैं, इसको देखा जाता, इससे समाज में लाभ अधिक हुआ है अथवा हानि हुई है, इसका पर्यालोचन होता । अब मैं एक दूसरा मुद्दा आपके सामने रखना चाहता हूं । यहां बड़े बड़े विधि-विशेषज्ञ बैठे हुए हैं । वे इस बात पर विचार करें और इसका समाधान सामने रखें । इस बिल में एक यह भी व्यवस्था है कि यदि स्त्री और पुरुष में से कोई बहुत क्रूर स्वभाव का है और दूसरे के साथ उसका मेल नहीं बैठता तो वह अपने

[श्री शिव कुमार शास्त्री]

साथी का परित्याग कर दूसरे साथी को चुन सकता है। मैं यह कहना चाहता हूं कि कोई भी मनुष्य पूर्ण नहीं है। काम, क्रोध, लोभ-मोह आदि के वशीभूत होकर कभी न कभी उससे गलती हो ही जाती है और अच्छे से अच्छे व्यक्तियों से हो जाती है। यहां पर मैं महात्मा गांधी की जीवनी को उद्धृत करना चाहता हूं। उन्होंने इस चीज को स्वयं अपनी जीवनी में लिखा है। उन्होंने कहा है कि डर्बन में जब वह वकालत किया करते थे तब जिस मकान में वह रहते थे उसमें कोई नाली नहीं थी जिसमें पेशाब कर दिया जाए तो वह बाहर निकल जाए। बल्कि ढांचा उसका इस प्रकार का था कि सोने वालों के नजदीक पेशाब करने के लिए बर्तन रख दिया जाता था और रात में यदि किसी को हाजत होती थी तो वह उसमें पेशाब कर लेता था। गांधीजी लिखते हैं कि पेशाब के बर्तन को साफ करने का काम या तो बहुत ही अंतरग कोई नौकर करता था या वह स्वयं करते थे या उनकी पत्नी करती थी। उस समय तक सामाजिक और मानसिक स्थिति कोई बहुत ज्यादा उन्नत नहीं हुई थी। वह लिखते हैं कि मेरे यहां पर कुछ जिन को बिरादरी में छोटा समझते हैं वे लोग भी आते थे, कुछ पंचम जाति के लोग भी आते थे। एक बार ऐसे सज्जन आए जो पंचम जाति के थे और रात को उन्होंने उस बतन में पेशाब किया। पेशाब के बर्तन को उठाने का काम कस्तूरबा कर रही थीं। लेकिन हमारे यहां जैसा सामाजिक ढांचा चला आ रहा था हिन्दू स्त्रियों की बहुत दिनों तक यह भावना रही कि वे झूठे बर्तन दूसरे अपरिचितों के मांजने और उठाने में संकोच करती थीं, फिर पेशाब के बर्तन को उठाने की बात दूर रही। कस्तूरबा नहीं चाहती थीं कि वह उस बर्तन को साफ करें या उठाएं। गांधी जी अपनी जगह बैठे देख रहे थे कि वह साफ करती है या नहीं करती है। अन्त में तंग आकर कस्तूरबा ने झुंझला कर दुखी होकर उस बर्तन को उठाया और चलने लगी। इस पर गांधी जी लिखते हैं कि मुझे इतने से सन्तोष नहीं हुआ कि वह दुखी होकर उस बर्तन को उठाए। बल्कि मेरे लिए संतोष का विषय यह होता कि वह प्रसन्नता से उस बर्तन को उठाती। जिस समय कस्तूरबा उस बर्तन को ले जा रही थी तो गांधी जी लिखते हैं कि मैंने कहा, देखो, इस तरह मेरे घर में तुम्हारा निर्वाह नहीं हो सकता। उधर कस्तूरबा को भी क्रोध आ गया और क्रोध में आकर उसने कहा कि रखो अपने घर को अपने पास, जहां मुझे इस प्रकार का काम करना पड़ता है। गांधी जी लिखते हैं कि इस बात को सुन कर मैं ईश्वर को भूल गया। मैंने कस्तूरबा का हाथ पकड़ा और उसको घसीट करके दरवाजे के बाहर निकालना चाहा। जब मैं उसको घसीटता हुआ दरवाजे के नजदीक ले आया उस समय कस्तूरबा ने दरवाजे पर हाथ रख लिया। और कहा कि तुम को तो शर्म है नहीं, तुम यह नहीं देखते कि लोग क्या कहेंगे कि हिन्दुस्तान का जो लीडर है वह अपनी पत्नी को धक्का देकर बाहर निकाल रहा है, मुझे तो है। कह कर रोते हुए वह नीचे बैठ गई। बैठ कर उसने कहा कि यहां पर न मेरा पिता है, न मेरा भाई है, मुझे उनसे इतनी दूर लाकर तुम घर से धक्का दे रहे हो। अब मैं यहां कहां जाऊं। गांधी जी ने लिखा है कि कस्तूरबा की बात को सुन कर मैं झेंप तो गया तो भी ऊपर से मैंने अपना रौब कायम रखा और मैं अपनी जगह पर आकर बैठ गया। मैं अधिक विस्तार में जाना नहीं चाहता हूं। विचारशील लोगों के सामने मैं यह प्रश्न रखना चाहता हूं कि जब महात्मा गांधी जैसा व्यक्ति भी इस प्रकार मर्यादा का अतिक्रमण कर सकता है, आपे के बाहर हो सकता है तो आप कल्पना करें कि उस समय समाज में यदि यह विच्छेद या तलाक की व्यवस्था होती तो निश्चित रूप से दोनों में से कोई छलांग लगा देता, चाहे वह कस्तूरबा होती और चाहे महात्मा गांधी होते। उस अवस्था में आप बताएं कि समाज की स्थिति

क्या होती। (व्यवधान) आप सुनते जाएं। मैंने "भारत माता और अमरीकन लेडी", नाम की किताब में पढ़ा है जब मिसेज ईगर नाम की अमरीकन लेडी 23वीं बार पति को तलाक देकर आई, बीस और तीन बार तलाक देकर आई तो अखबार के नुमाइन्दों की भीड़ उसके मकान पर लग गई इस वास्ते कि बहुत तजुर्बा रखने वाली स्त्री है जिसने 23 पतियों को तलाक दिया है। आप जरा कल्पना करें कि कहां पर आकर मामला टिकेगा। इसलिए बहुत सी इस प्रकार की चीजें हैं जिन पर गम्भीरता से विचार करने की आवश्यकता है। खास तौर पर राजनीतिक नेताओं को मैं कहता हूं कि इनमें से सौ में से पांच आदमी ही होंगे जो घरेलू तौर पर सुखी होंगे... (व्यवधान) अच्छे अच्छे आदमियों को मैं जानता हूं। एक शायर ने चुटकी लेते हुए बहुत अच्छा लिखा है :

लीडर को आप कभी गर ढूंढना चाहें,
वह पिछले कहीं पहर हुजूर-ए-दिलवर में मिलेगा।

शाम को अहबाब के पैसों की बदौलत,
होटल में या कहीं पिक्चर में मिलेगा।

सुबह को वह बन्दाए अगराजो मकासिद,
सर खम किए दरबारे मिनिस्टर में मिलेगा।

रात को हाथ में लिए भात की थाली,
बीवी से झगड़ता हुआ वह घर में मिलेगा।

अगर कोई इस तरह की बातों पर तलाक देने लगे तो यह तलाक कहां पर जाकर ठहरेगा।

इसके साथ साथ मैं यह भी कहना चाहता हूं कि नोक झोंक तो एक जीवन की आवश्यकता है, इसके बिना जीवन नीरस हो जायगा।

वो है मजायका शरबत,
न हो सुर्खी का जज जिसमें।

विसाले यार में भी
चाहिये तकरार थोड़ी सी।

यह नोंक झोंक जिसके ऊपर यह तलाक की नौबत आ रही है यह तो आवश्यक है।

एक और विचार आप करें। पत्नि और पति का अर्थ है रक्षा करने वाला। किस चीज की रक्षा? जहां पत्नी से भूल हो जाए वहां पति उसकी रक्षा करे और कहे कि आप से गलती हो गई है आपको ऐसा नहीं करना चाहिये। उसी प्रकार से पति से अगर भूल हो जाती है तो पत्नी उसकी रक्षा करे। वे एक दूसरे के पूरक होने चाहिये समालोचक नहीं जसी कि इस बिल की धारणा है।

इसके साथ साथ नपुंसकता पर सम्बन्ध विच्छेद। इसका प्रमाण-पत्र कौन देगा? और यह कोई आसान बात है क्या? इसलिये मैं यह कहना चाहता हूं कि इन सब बातों पर गम्भीरता से विचार होना चाहिये। समस्या अवश्य है समाज के सामने इसमें कोई सन्देह नहीं है, पर अगर धैर्य से विचार करके इसे पास करेंगे तो उत्तम रहेगा।

12.31 hrs.

[SHRI P. PARTHASARATHY in he Chair]

श्रीमती मुकुल बनर्जी (नई दिल्ली) : मान्यवर, मैं इस बिल का समर्थन करती हूं। यह बहुत ही अच्छा हुआ क्योंकि हम लोग रात दिन देखते हैं कि इस विषय पर काफी समस्यायें हैं। मैं माननीय शिव कुमार शास्त्री से सहमत नहीं हूं कि सभी महिलायें एकदम झट से डाइवोर्स के लिये दौड़ेंगी। हमारे देश में यह परम्परा और संस्कृति नहीं है। हमारे देश की महिलाओं की बहुत अच्छी परम्परा है। मगर फिर भी हमारा फर्ज हो जाता है कि जो महिलायें और पुरुष तकलीफ में हैं, जिनको डाइवोर्स की जरूरत है उनको सहारा दिया जाय। एक माननीय सदस्य बता रहे थे कि हिन्दू मैरेज ऐक्ट में ही क्यों, यह सुविधा सबको मिलनी

[श्रीमती मुकुल बनर्जी]

चाहिये। आप देखें की मुसलमान की जब शादी होती है तो उनके यहां यह कायदा है कि पति अगर तीन बार तलाक, तलाक कह दे तो डाइवोर्स हो जाता है। मगर उस वक्त औरत का एक हक होता है कि जो शादी के वक्त काजी लिखता है जिसके अनुसार छोड़ी जाने वाली महिला का हक हो जाता है कि उसको कितनी जायदाद और पैसा मिलेगा। वह सब लिखा रहता है। इसलिये मुसलमान शादी में महिलाओं का प्रोटेक्शन था, क्रिश्चियन शादी में भी प्रोटेक्शन था, मगर हिन्दू मैरिज में कोई प्रोटेक्शन नहीं था और लोग छोड देते थे। इसीलिये पहले हिन्दू मैरिज ऐक्ट पास हुआ था ऐट पार लाने के लिये। अब इसको बहुत लिबरेलाइज कर दिया है, तीन साल से एक साल कर दिया है। बहुत से केसेज में महिलायें ही तकलीफ में होती हैं इसलिये उनको संरक्षण देना हमारा फर्ज हो जाता है।

माननीय दिनेश जोरदर कह रहे थे कि इम्पोटेंट होने पर भी शादी करने देनी चाहिये। मेरे पास एक फूल की तरह कोमल लडकी आयी थी और उसने आ कर कहा कि शादी कर ली और इतना दहेज ले लिया लेकिन अब निकला कि इम्पोटेन्ट लगता है। हिन्दू मैरिज ऐक्ट में यह लिखना चाहिये कि मेडिकल चैक अप होना चाहिये शादी के पहले। क्योंकि स्त्री को पुत्रार्थ भार्या कहते हैं। जब इम्पोटेन्सी होगी तो शादी का क्या मतलब है?

श्रीमती पार्वती कृष्णन् कह रही थीं कि कम्पलसरी रजिस्ट्रेशन होना चाहिये। इसके बारे में भी मेरा तजुर्बा है। मेरा मत है कि हर एक शादी का रजिस्ट्रेशन होना चाहिये। मैं अपनी बात आप को बताती हूं कि जब मेरी अपनी शादी तय हुई तो हम दोनों एक महीने पहले रजिस्ट्रेशन के लिये गये, मैंने अपने होने वाले पति से कहा कि रजिस्ट्रेशन होना चाहिये। और हम दोनों इस बात पर सहमत थे। लेकिन हुआ ऐसा कि मेरे पिताजी ने कहा कि पहले रजिस्ट्रेशन करा दो तो शादी तो हो जाती है, तो शादी हो जाने के बाद मैं कैसे लड़की को सम्प्रदान करूं। इसलिये यह सम्भव नहीं है और पहले रजिस्ट्रेशन नहीं करने दूगा। पहले शादी हो जाय फिर रजिस्ट्रेशन कराओ। तो जब शादी के बाद हम लोग रजिस्ट्रेशन के लिये गये तो वहां अधिकारी बोला कि यह तो शादी हो गई है इसलिये अब रजिस्ट्रेशन नहीं हो सकता है। इसलिये मेरा कहना है कि कम्पलसरी रजिस्ट्रेशन होना चाहिये, चाहे भले ही शादी के बाद हो, क्योंकि इससे काफी सहारा महिला को मिलता है। कम्पलसरी रजिस्ट्रेशन का अच्छा इंतजाम करना चाहिये, एक लीगल डाकूमेंट जरूर बनना चाहिये, चाहे शादी के बाद ही बन जाय। इस में कोई हर्ज नहीं है। और जो शादी हो सबका रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।

जैसा कि श्रीमती पार्वती कृष्णन् ने कहा है कि बहुत से लोग शादी करके बाहर चले जाते हैं, मैं भी यह मानती हू, बहुत जगह ऐसा हुआ है। मेरे पास बहुत से केसेज ऐसे हैं कि लोग शादी करके बाहर चले जाते हैं और बोलते हैं की बीवी को पीछे ले जायेंगे। अभी गुजरात का भी एक केस आया था, एक लडकी मयूरी है, उसकी बहुत अच्छी तरह से शादी हुई लेकिन शादी के बाद पति बाहर चला गया। उसके बाद कुछ सम्पर्क रहे लेकिन उसके बाद उसने खुद पास-पोर्ट अथारिटी को खबर दे दिया, अमेरिकन इम्बैसी को कह दिया कि बीसा न दिया जाये और उसने उसको छोड़ दिया। उस केस में वह प्राइवेट बिजनेस कर रहा था, इसलिये हम कुछ नहीं कर सके। मगर दूसरे कुछ केसेज में जो गवर्नमेंट सर्वेन्ट थे, उनके बारे में गवर्नमेंट के सहारे से एक दो केसेज में पासपोर्ट

इम्पाउन्ड कराने की कोशिश की तो झट से वे लोग हिन्दुस्तान में वापस आ गये । बाद में पता चला कि उधर उन्होंने दूसरी शादी की है और वहां बताया भी नहीं कि हिन्दुस्तान में शादी कर चुके हैं । इसलिये जो बहुत से लोग बाहर चले जाते हैं और ऐसा करते हैं, उनके बारे में यह होना चाहिये कि उनके पास-पोर्ट इम्पाउन्डेन्ड हो जायेंगे अगर वह यहां से डायवोर्स करके नहीं जाते हैं। वह वहां जाकर दूसरी शादी करें, हमारा इसमें कोई ऐतराज नहीं है मगर उसके लिये पहले डाइवोर्स कम्पलसरी होना चाहिये । जो ऐसा नहीं करे तो उसका पासपोर्ट इम्पाउन्ड हो जाना चाहिये ।

इस ऐक्ट में बच्चों के बारे में अच्छी तरह से मेंशन नहीं है। बच्चों का क्या होता है कि 5 साल तक डाइवोर्स के बाद वह अपनी मां के पास रहता है। मां और बाप दोनों उनकी देखभाल करते हैं, उसमें आपस में कशमकश चलती है और बहुत झगड़ा होता है। इससे बच्चों का फ्यूचर खराब हो जाता है। उसके बाद बच्चा बाप के पास चला जाता है। इसलिये मैं तो यह कहती हूं कि क्योंकि बच्चा मां से पैदा होता है और सीड के बारे में कुछ पता नहीं चलता है । जैसे केरल में एक लेडी को हक है सम्पत्ति का क्योंकि बच्चा उसका ही होता है, इसलिये इधर भी बच्चों के बारे में तय होना चाहिये और बच्चा मां को ही मिलना चाहिये । उसको लेकर कशमकश नहीं होनी चाहिये ।

फ्री लीगल ऐड के बारे में जहां तक सवाल है यह दी जानी चाहिये । हमारे एक इंस्टी-ट्यूट आफ डेमोक्रेसी एंड सोशलिज्म है उसमें हम फ्री-लीगल ऐड देते हैं । वहां ज्यादा-से-ज्यादा ऐसे केस आते हैं जिसमें महिलाओं को तकलीफ होती है और डाइवोर्स के केस में उनको बहुत मुश्किल होती है । उससे सब जायदाद और जेवर वगैरा ले लेते हैं । इस-लिए यह महिलाओं के लिये बहुत अच्छा हुआ । इसको ज्यादा अच्छी तरह से इम्प्लीमैंट करने के लिये जो यह टाइम कम कर रहे हैं, इसके लिये मैं बहुत खुश हूं और सहमत हूं ।

दूसरी चीज यह है कि जो पति क्रिमिनल आफेंस करते है या स्मगलिंग करते हैं, उनकी बीवियों को जबरदस्ती डाइवोर्स करवा देना चाहिये, उसके लिये मैं सहमत नहीं हूं । उसकी बीवी से क्यों डाइवोर्स करवा देना चाहिये ? आप उसके पति को पकड़िये, उसको सजा दीजिये, मगर उसकी बीवी को सजा नहीं देनी चाहिये । जो स्मगलिंग करते हैं, उनको कड़ी सजा मिले, मगर पति-पत्नी का अलग रिश्ता होता है, उसमें इंटरफियर नहीं करना चाहिये ।

बाकी मैं इस बात से सहमत हो रही हूं कि यह बहुत अच्छा हुआ है कि यह हिन्दू मैरिज एक्ट (अमैंडमेंट) बिल आया है, यह हमको सहारा देगा और मैं बतलाना चाहती हूं कि यह ऐक्ट पेश हुआ है, सहारा देने के लिये ही ।

18 साल के रजिस्ट्रेशन के बारे में भी इसमें कर देना चाहिये था, मगर वह इसमें नहीं किया गया है । मैं ला-मिनिस्टर साहब से अनुरोध करूंगी कि वह इस बिल को तो पास करा लें मगर पीछे एक सिविल कोड भी लायें जिसमें सब चीजें कंबाइन्ड हो जायें और उससे हमारे समाज को सुविधायें हो जायें । इस बात के साथ मैं इसको सपोर्ट करती हूं ।

श्री राम सहाय पांडे (राजनंदगांव) : सभापति महोदय, जब मैं शास्त्री जी का भाषण विवाह कानून (संशोधन) विधेयक, 1976 पर सुन रहा था, तब ऐसा लगा कि इस बिल को वापस कर दिया जाये और संस्कार, विवाह-विधि तथा परम्पराओं की छत्रछाया के नीचे नोक-झोंक, तुर्शी या अनमन को स्वीकृति प्रदान कर दी जाये। उन्होंने यह कहा कि जो बात पुरातन है, वह सर्वथा श्रेष्ठ है, जो नई है, वह अग्राह्य है । इस बात का उल्लेख करते हुये उन्होंने कहा कि यह ठीक नहीं है । अतीत अनुभव से मंडित होता है ।

[श्री राम सहाय पांडे]

पीछे मुड़कर अतीत को देखने से जो अनुभव प्राप्त होगा, उसके आधार पर हम वर्तमान के परिप्रेक्ष्य में भविष्य को निर्धारित करेंगे।

विवाह की प्रथा बहुत पुरानी नहीं है। राहुल सांकृत्यायन की खोज के अनुसार विवाह-प्रथा पांच हजार वर्ष पुरानी है। उससे पहले क्या होता था, इस समय में उसके ब्यौरे में नहीं जाऊंगा। समाज के नेताओं ने इसको राशनल बनाने, इसमें समीप्य, सान्निध्य, चाह, मोह, त्याग और स्नेह का समावेश करने और भविष्य में निर्माण की कल्पना के साथ जोड़ने का प्रबन्ध किया।

मेरे पास एक गीत की छः पंक्तियां हैं। जब वर-वधू विवाह मंडप में बैठते हैं, तो वे कैसे आत्म-विभोर हो उठते हैं :

"हर्ष-उल्लास एक, विकसित सुहाग एक,
आज एक बंधन से दोनों का राग एक।
नयनों की कोर एक, बंधन का छोर एक,
एक बना जीवन, मन और कंठ-हार एक।
होगा सुवास एक, और इतिहास एक,
चांद और तारों से भरी हुई रात एक।"

यदि हम विवाह की कल्पना करें, तो सामीप्य और सान्निध्य, स्नेह, प्रेम और त्याग के एक गुलदस्ते का स्मरण हो आता है। मगर यह तो एक आदर्श है और हमें इस विषय पर विचार करने के लिये व्यवहार और वास्तविकता के धरातल पर उतरना होगा। जब वैवाहिक जीवन में कुंठायें पैदा होती हों, जब कोई स्त्री अपने पति के अत्याचार का शिकार बनती हो, जब उसके साथ दुर्व्यवहार होता हो और जब उसके अधिकारों का हनन होता हो, तब क्या इस सर्व-मान्य संसद् में इस प्रकार का बिल आना अस्वाभाविक है?

आज हम गांधारी के युग में नहीं हैं। जब गांधारी का धृतराष्ट्र के साथ विवाह हुआ और उसको पता चला कि धृतराष्ट्र अंधे हैं तो उसने अपनी आंखों पर पट्टी बांध ली और फिर पूरा जीवन उसी प्रकार व्यतीत किया। दूसरी ओर द्रोपदी के पांच पति थे। एक तरफ पातिव्रत्य धर्म था और दूसरी तरफ सीधे-साधे एडल्ट्री थी।

श्री बी० वी० नायक (कनारा) : वह एडल्ट्री नहीं थी। द्रोपदी एक वक्त एक ही मर्द के साथ रहती थी।

एक माननीय सदस्य : वह पालिएन्ड्री थी।

श्री राम सहाय पांडे : विवाह स्वयं में एक समझौता है, जो प्रेम, त्याग और साहचर्य की अनुभूति और पारस्परिक आवश्यकता पर आधारित है। पिछली बार विवाह के विषय पर इस सदन में एक बड़ी रोचक बहस हुई थी। एक माननीय सदस्य ने कहा था कि जब महिला और पुरुष विवाह-विच्छेद के लिये अदालत में जाते हैं, तो निर्णय में तीन-तीन, पांच पांच साल लग जाते हैं, और इसमें पुरुष को अपनी हानि नहीं होती, जितनी कि महिला की होती है, क्योंकि उसकी उम्र 28 वर्ष की होगी तो पांच वर्ष के बाद 33 वर्ष की हो जायेगी। इस पर रोचक बहस हुई थी। हमारे विद्वान् माननीय सदस्य श्री साल्वे ने एक बड़ा खुशनुमा शेर उस समय कहा था और विवाह की कल्पना करते हुये उन्होंने कहा था कि एक जिल्द-बंधी पुस्तक है यह। उन्होंने कहा था :-

एक रिश्ते एक मोहब्बत का टूट जाता है।

देखते देखते शीराजा बिखर जाता है॥

यह मोहब्बत से जुड़ी हुई कभी अगर बिखर गई तो किताब का हर एक पन्ना जैसे अलग-अलग

अलग हो जाता है इसी तरीके से हो जाता है। इसकी एक वैकल्पिक परिकल्पना के साथ इसका समाधान भी कोई हो सकता है क्या जो कि एक मेंटल टार्चर होता है? पहले कोई प्रावधान नहीं था। जैसे पन्द्रह वर्ष अठारह वर्ष से पहले की उम्र में विवाह हो गया तो इसको इसमें इजाजत दी जाती है कि चूंकि वह विवाह के कार्यक्रम को समझती नहीं थी इसलिये उसको अधिकार है कि वह तलाक ले सके और इस में समय की बात भी आप ने कही है कि जिस दिन मुकदमा दायर हो उस दिन से उसकी सुनवाई हो और छ: महीने के अन्दर उसका निर्णय हो जाना चाहिये। यह व्यवस्था और इस प्रकार का विधेयक आना यह बहुत अच्छी बात है इसलिये कि हम इस समाज को उस कुंठा से बचाना चाहते हैं जहां विवाह तो है लेकिन विवाह की परम्पराओं का निर्वाह नहीं है। जहां कष्ट हैं और जहां महिला समाज को उसका पात्र बनना पड़ता है उसको दूर करने के लिये प्रावधान इसमें किये गये है।

हमें अतीत से बहुत कुछ सीखना है और आगे बढने के लिए हमे कुछ कल्पनायें करनी हैं। समाज स्वस्थ हो, समाज अच्छा हो, समाज आदर्शमय हो इस से कौन नां कर सकता है। पर जो महिलाओं की समाज में स्थिति है उस को क्या कहें? दहेज जब नहीं मिलता तो उन को किस प्रकार स्वीकार किया जाता है घर में और परदा, जाति पाति, इल्लिटरेसी आदि तमाम की तमाम बुराइयो का शिकार मेरी दृष्टि में महिला समाज ही बनता है। इस विच्छेद के संबंध मे भी यही बात है। अगर बच्चा उस की गोद मे होता है तो उस बच्चे के भाग्य को भी देखिए। मैं नही चाहता कि विच्छेद हो लेकिन विच्छेद होने का प्रावधान अवश्य होना चाहिए क्योंकि अगर जीवन आगे नहीं चल सकता है, उस की गति धीमी पड़ गई है, बिलकुल कुंठाओं से जीवन भर गया है तो सम्बन्ध विच्छेद बिलकुल आवश्यक है क्यों कि सुखद जीवन की परिकल्पना के साथ ऐसी परिकल्पना आवश्यक है जिस से हमारे जीवन की गति आगे जा सके।

श्रीमती सावित्री श्याम (आंवला): सभापति महोदय, मैं मंत्री महोदय को हार्दिक बधाई देना चाहती हूं कि उन्होने एक प्रगतिशील कदम उठाया है। यह मैं मानती हू कि इससे समाज के पूरे हिस्से को लाभ मिलने वाला नहीं है। लेकिन फिर भी समाज के बहुत बड़े हिस्से को मिलने वाला है जो हिन्दू मैरिज ऐक्ट और स्पेशल मैरिज ऐक्ट के अन्तर्गत आते हैं। उन्होंने यह अमेंडमेंट ला कर अवधि को घटाया है कोर्ट के अन्दर जब तक मुकदमों के फैसले हों, डाइवोर्स की पेटीशन देने पर भी और उसकी अपील करने पर भी, यह एक बहुत बड़ा कार्य है। वैसे तो मैं उन लोगों में से हूं जो विवाह को एक पवित्र संस्कार मानते हैं और न टूटने वाला बन्धन मानते हैं। लेकिन मैं शास्त्रीजी की तरह इस बात में भी विश्वास नहीं करती हूं कि नोक झोंक चलती रहनी चाहिए और दोनों की जिन्दगी बरबाद होती रहनी चाहिये। इस समाज के अन्दर जहां शिक्षा इतनी बढ़ गई हो, जहां स्त्रियों में, महिलाओं में अपने अधिकारों को समझने की शक्ति पैदा हो गई हो वहां इस प्रकार की विचारधारा के साथ में और दकियानूसी ख्यालात के पुरुषों के साथ में निभाना भी बहुत मुश्किल है इसलिये यह बहुत आवश्यक था और इस संशोधन के अन्दर तो यह आजादी केवल महिलाओं को ही नहीं दी गई बल्कि दोनों को दी गई है, पुरुषों को भी दी गई है। उस बात को शास्त्री जी ने बुरा नहीं कहा कि जो राजा, महाराजा और ताल्लुकदार इस देश में एक-दो नहीं सैकड़ों शादियां करते थे और कान्कुबाइन्ज रखते थे। लेकिन एक अमरीकन लेडी-ईगल जिसने 23 बार शादी कर ली, आलोचना का विषय बन गई। मैं विवाह को एक पवित्र संस्कार मानती हूं। मनुष्य का बुनियादी अधिकार भी मानती हूं। जैसे मनुष्य को

[श्रीमती सावित्री श्याम]

खाना खाने और सोने का अधिकार है, वैसे ही विवाह का भी अधिकार है, लेकिन विवाह का अर्थ जिन्दगी को बरबाद करना हरगिज नहीं है। मंत्री जी ने निःसन्देह विवाह के केसेज की प्रोसीडिंग्ज का टाइम कम किया है, लेकिन मैं उनसे जानना चाहती हूं—क्या इस पर सिविल प्रोसीजर कोड लागू नहीं होगा? जो हमारे भाई यहां वकालत करते हैं, वे जानते कि इलेक्शन ला बिलकुल स्पेसिफिक ला है, लेकिन सी० पी० सी० सप्लाई होता है तो उस में चार-पांच साल लग जाते हैं। इसलिये मैंने उनसे इत्तिफाक नहीं करती कि जो आप ने 6 महीने का पीरियड और अपील के लिये 3 महीने का पीरियड इसमें रखा है—यह मामला इतने पीरियड में निबट जाएगा। अगर सी० पी० सी० सप्लाई होगा तो यह कभी भी इतने समय में समाप्त नहीं होगा। हर चीज एविडेन्स आयेगी, एविडेन्स प्रूव करना पड़ेगा, जो की 6 महीने में मुमकिन नहीं है।

मंत्री जी ने स्टेटस-आफ-विमन कमेटी की सिफारिशों का हवाला दिया है। उसकी सिफारिश थी कि स्पेशल कोर्ट्स डाइवोर्स के केसेज को डील करने के लिये बनाये जायें। स्पेशल कोर्ट्स या फेमिली कोर्टस का प्रावधान उस में थी, जूडीशल-नेचर की कोर्ट्स का प्रावधान उसमें नही था। साधारणतया जो ला-कोर्ट्स देश में हैं, अगर उन्हीं को मुकदमे दिये जाने वाले हैं, जैसा कि एक्ट में है, क्योंकि ला-कोर्ट्स के चेन्ज का इसमें कोई प्रावधान नहीं है, तो ये केसेज 6 महीने में खत्म नहीं होंगे और उसकी अपील भी तीन महीने में खत्म होने वाली नहीं है। साथ ही एविडेन्स के ऊपर सी० पी० सी० एप्लाई होगी तो डाइवोर्स किन-किन ग्राउन्ड्स पर होता है—हमारे शुक्ला जी बड़े वकील हैं, वे स्वयं समझते हैं कि जब एविडेन्स की जरूरत पड़ेगी तो आप कहां से लायेंगे, एडल्ट्री के लिये एविडेन्स आप कहां से लायेंगे, क्रूएल्टी के लिये एविडेन्स कहां से लायेंगे और इम्पोटेन्सी के लिये एविडेन्स कहां से लायेंगे? ये जो ग्राउन्ड्स हैं—एडल्ट्री, क्रूएल्टी, इम्पोटेन्सी, अनसाउन्ड माइन्ड, जिन पर डाइवोर्स का प्रार्थना पत्र दिया जायेगा—वह एविडेन्स पर ही निर्भर करेगा और ये एविडेन्स 6 महीने में हर्गिज मिलने वाली नहीं हैं। मंत्री जी ने जो पीरियड घटाया है, उसका लाभ मिलने वाला नहीं है। इसके लिये आवश्यक था कि स्टेटस आफ-विमन कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार, जिसको आधार मान कर आप चले हैं, स्पेशल कोर्ट्स का इन्तजाम आप को करना चाहिये था, फैमिली कोर्ट्स का इन्तजाम करना चाहिये था। मैं यह नहीं कहती कि हिन्दू मैरिज ऐक्ट के अन्दर जो सुधार हुये हैं उनसे लाभ नहीं होगा, जरूर होगा लेकिन जैसा कि मुकुल जी ने और पार्वती कृष्णन् जी ने कहा, इसके अन्दर रजिस्ट्रेशन का भी जिक्र आना चाहिये था और ऐज का भी जिक्र आ जाना चाहिये था, डाइवोर्स ऐक्ट में बिना परिवर्तन किये हुये इसका लाभ बिलकुल नहीं मिलेगा डाइवोर्स ऐक्ट के सम्बन्ध में अनेक केसेज में ला कोर्ट्स ने जो विवेचन किया है, मैं आपको बताना चाहती हूं कि कितनी गहराई में जाकर इन्टर प्रीटेशन किया है, एक केस में आपकी आज्ञा से साइट करना चाहती हूं। तीरथ कौर वर्सेज कृपाल सिंह, ए० आई० आर०, 1964, पंजाब। एक पति को शिकायत थी कि उसकी बीवी दूसरी जगह सर्विस करती है, उसको नौकरी छोड़ देनी चाहिये या डाइवोर्स ले लेना चाहिये। तो उस बीवी ने स्वीकार किया कि डाइवोर्स के लिये जाना चाहिये। क्योंकि उसके सामने इकानामिक प्रश्न था। उनके बच्चे भी थे। उस महिला के अन्दर अकल आ गई थी, जागृति पैदा हो गई थी, वह अपने अधिकारों के बारे में सोचने लगी थी, वह समझने लगी थी कि वह ह्यूमन है, कोई प्रापर्टी नहीं है कि जिस तरह से चाहे ट्रीट किया जाय। वह खुद कोर्ट में गई। उस के बाद पंजाब हाई

कोर्ट ने फैसला दिया जो पुरुष के हक में था—

"It was the duty of the wife to remain under the roof and protection and submit evidently to the authority of the husband."

यह 1965 ए० आई आर० पंजाब हाई कोर्ट का फैसाला है।

सभापति महोदय, जब तक इस डाइवोर्स एक्ट में डाइवोर्स के संबंध में जो श्रेणीया दी गई है, जैसे किन किन ग्राउण्डस पर डाइवोर्स हो सकता है, जब तक इन कलाजेज को बदला नहीं जायेगा, इस हिन्दु मैरिज बिल में संशोधन करने का कोई लाभ नही मिलेगा, भले ही हम मुकदमे का समय घटा दें।

यहां पर हिन्दु, मुसलमान और आर्य जातियों का उल्लेख किया गया है—मैं निवेदन करना चाहती हूं कि यह किसी एक जाति का सवाल नहीं है यह मानव का सवाल है। आज देश के अन्दर आवश्यकता इस बात की है कि सब के लिये एक-सा कानून, कामन-सिविल-ला हो। हमारी स्टेटस-आफ-विमेन कमेटी ने भी इस की जोरदार शब्दों में सिफारिश की थी और हमारे संविधान में भी ऐसा प्राविजन आर्टिकल 44 में किया गया है कि सारे देश के लिये एक कामन सिविल-कोड होना चाहिये। संविधान के दूसरे आर्टिकल्ज आज आब्सोलीट हो गये है, आउट-आफ-डेट हो गये हैं, लेकिन अभी भी आर्टिकल 44 या अन्य ऐसे आर्टिकल हैं जो मनुष्यता के संबंध में है, मानवता के सबंध में है, उन के ऊपर अभी तक कोई कानून नहीं बना।

आप सभापति महोदय, अधिक समय नहीं दे पा रहे हैं, इस लिये मैं अपना भाषण यहीं समाप्त करती हूं।

श्रीमती रोजा देश पांडे (बम्बई मध्य) : सभापति महोदय, मैं इस बिल का समर्थन करती हूं और मंत्री महोदय को धन्यवाद देती हूं कि वे इस बिल को इस सैशन में लाये। अभी यहां एक सदस्य बोल रहे थे कि इस बिल को कन्सीडेशन के लिये रोका जाय और सोच समझ कर दूसरा बिल लाया जाय। मेरे ख्याल से यह बिल यहां इस लिये लाया गया है कि इस के द्वारा औरतों को प्रोटेक्शन दिया जाय, आज मर्दों को प्रोटेक्शन देने की जरुरत नही है, स्त्रियों को प्रोटेकशन देने की जरुरत है उस में यह बिल कुछ मदद कर सकता है।

13 hrs.

अभी यहां पर शास्त्री जी भाषण दे रहे थे—उन्होने कई उदाहरण देते हुए कहा कि मामूली झगड़ों के आधार पर कोई भी औरत डाइवोर्स ले सकती है। मैं उन से निवेदन करना चाहती हूं—कि हमारे समाज की स्थिति आज ऐसी है, जिस में मामूली कारणों से डाइवोर्स लेने के लिये मर्दों के भागने की गुन्जाईश ज्यादा है, औरतों के लिये गुंजाइश नहीं है। यहां ही नही, दुनिया के किसी भी भाग में मामूली कारणों से औरतें डाइवोर्स के लिये नही जा सकतीं। उन्होंने किसी फ़िल्म एक्ट्रेस का जिक्र किया जिसने 23 बार शादी की और डाइवोर्स लिया, लेकिन इसका यह मतलब नही है कि देश की सारी औरत ऐसी हैं, ऐसा सोचना गलत है मेरे ख्याल से यह बिल औरतों के प्रोटेक्शन के लिये रखा गया है। इस में जो भी सुझाव हमारी बहन पार्वती कृष्णन; श्रीमती मुकुल बैनर्जी तथा दूसरे सदस्यों

[श्रीमती रोजा देशपांडे]

ने दिये हैं, उन पर मंत्री महोदय को गौर करना चाहिये।

खास कर जो कम्पलसरी रजिस्ट्रेशन आफ़ मैरिज की बात कही गई है, वह बहुत जरूरी है। यह सही बात है कि कई लोग यहां की जो पढ़ी लिखी लड़कियां होती है उन्हें बाहर ले जाते हैं और वहां उन से शादी करते है और जब उन से शादी हो जाती है तो उन को घर की नौकरानी जैसा बना देते हैं। यही नहीं बल्कि शादी करने के बाद इस तरह का व्यवहार उन के साथ किया जाता है कि लड़की का नामो-निशान ही नहीं रहता है। ऐसे कैसेज मुझे मालूम हैं। एक क्लाज इस एक्ट में है जिस में आप ने कहा है कि पैटिशन दायर करने के लिये सात साल तक पैटिशनर रुके...

MR. CHAIRMAN: Please continue after lunch.

13.01 hrs

The Lok Sabha adjourned for Lunch till Fourteen of the Clock.

The Lok Sabha re-assembled after Lunch at five minutes past Fourteen of the Clock.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

MARRIAGE LAWS (AMENDMENT) BILL—*Contd.*

श्रीमती रोजा देशपांडे : डिप्टी स्पीकर साहब, मैं इस बिल के समर्थन में बोल रही थी और मैं ने कहा था कि यह बिल जो लाया गया है यह एक अच्छी बात है और कोई जरूरत नहीं है कि इस के बारे में और थोड़ा सोच विचार हम करें। जैसा हमारे एक माननीय सदस्य ने यहां कहा कि यह बिल और थोड़ी देर के लिये रोका जा सकता था, इस पर कुछ सोच विचार होना चाहिये था क्योंकि इस में शायद डाइवोर्स को बहुत आसान बनाया जा रहा है और कोर्टस डाइवोर्स केसेज से भर जायेंगे, मेरा ख्याल है कि यह बिल इसलिये लाया गया है ताकि हमारे देश में औरतों की रक्षा हो जाय, उन को प्रोटेक्ट किया जाये। इसलिये इस बिल का इस्तेमाल होना चाहिये और जल्दी से जल्दी अमल में लाना चाहिये।

हम ने देखा है कि इस देश में मर्दों को कोई तकलीफ़ नहीं होती है वह औरतों पर जुल्म करते हैं और उन को सताते हैं, बगैर डाइवोर्स दिये भाग जाते हैं। औरतों के ऊपर जो अत्याचार करते है इस के खिलाफ़ यह बिल लाया गया है। यहां माननीय सदस्य ने किसी एक औरत का नाम लिया कि उस ने 23 बार डाइवोर्स लिया। मेरा कहना है कि एक औरत दुनिया भर की औरते नहीं है। वैसे तो हम कहेंगे कि ऐसे कितने मर्द हैं जो पता नहीं बगैर शादी किये क्या क्या करते हैं। यहां आप को ऐसे मर्द मिलेंगे जो शादी भी नहीं करते हैं, लेकिन कितनी ही औरतों के पीछे भागते रहते हैं। तो उस अमरीकन औरत ने कम से कम डाइवोर्स तो लिया।

श्रीमती पार्वती कृष्णन ने कहा कि शादी का रजिस्ट्रेशन होना चाहिये। मैं एक मिसाल देना चाहती हूं, आप ने इस अमेंडमेंट में कहा है कि डाइवोर्स कब किया जा सकता है। हिन्दु मैरिज ऐक्ट के 19 वें क्लाज में, जो सबस्टीटयूशन हो रहा है, उस में कहा गया है कि 7 साल तक अगर एक मर्द कहा गया है, किस देश में रह रहा है, वह जिन्दा है या मरा है, यह सात साल तक औरत देखे और उस के बाद ही उस को डाइवोर्स की इजाजत मिले या डाइवोर्स ले सके। मैं ने खुद देखा है, एक शादी में खुद

गई थी, लड़की की अच्छी भली शादी हो गयी दूसरे महीने वह मर्द कहां भाग गया इसी देश में पता नहीं। लेकिन 7 साल तक उस लड़की को रुकना पड़ा और 7 साल बाद उस को डाइवोर्स मिला और तब दूसरी शादी की। शादी के बाद हमारे कितने ही लोग विदेश जाते हैं हैं और पत्नी को यहां छोड़ जाते हैं वहां जा कर दूसरी शादी तक कर लेते हैं वह लड़की को सालों तक लिखने भी नहीं है। ऐसी हालत में वह लड़की बूढ़ी होने तक रुकी रहे और बाद मे वह शादी करे, यह बहुत गलत बात है। मैं प्रार्थना करती हूं मंत्री महोदय से कि इस को बदल दिया जाय 7 साल नहीं 1 साल का वक्त काफ़ी है जांच करने के लिये कि वह शख्स शादी करने के बाद वापस आता है या पत्नी को ले कर आता है। यह जो ब्रेन ड्रेन हो रहा है, जैसा श्रीमती पारवती कृष्णन ने कहा, इस के खिलाफ़ कुछ न कुछ हम को इंतजाम करना चाहिये और मैं ने कहा है कि 7 साल की जगह 1 साल रहना चाहिये।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं यह कहना चाहती हूं कि शादी की जो एज लिमिट है यह 18 साल जरुर होनी चाहिये हमारे हिन्दू मैरिज एक्ट मे यह अच्छा किया है कि 15 साल की उम्र में शादी होने के बाद जब यह 18 साल की हो जाये तब डाइवोर्स ले सकती है। उस की शादी पहले क्यों हो जाती है' हम ऐसा क्यों न करे कि 18 साल की उम्र में ही जब वह सोचने की उम्र में हो उस की शादी हो? नहीं तो हमारा हिन्दु धर्म और संस्कृति ऐसी है कि इसमें लड़कियों को शुरु से पढ़ाया जाता है कि एक बार तुम्हारी जिन्दगी में शादी हुई है और उस के बाद कुछ नहीं कर सकती हो। पति की सेवा करती रहो। वह पति की सेवा करती रहेगी। 18 साल के बाद वह चाहे तो डाइवोर्स कर ले, वह कभी नहीं करेगी, बड़ा कठिन है।

यह जो कानून हम ला रहे हैं, इसे लाने के बावजूद भी मैं यह कह रही हूं कि हमारी औरतें बहुत मुश्किल से इस डाइवोर्स के कानून का इस्तेमाल कर सकेंगी। क्योंकि भारतीय संस्कृति ने हमारी औरतों को यही सिखा रखा है कि गाय की तरह अपने पति के पीछे जाओ और जसा वह कहे, करते जाओ, चुपचाप चारदीवारी में बैठी रहो। इस लिये यह हुआ कि जहां कोई नौकरी करने लगी उस को कहा कि तुम चार दीवारी में रहो अगर नहीं रहना चाहती है, नौकरी करना चाहती है, तो गैट आउट। उसे भी गैट आउट कहना चाहिये था लेकिन वह नहीं कह सकती है, क्योंकि वह ऐसी संस्कृति में बड़ी हुई है जहां ऐसा नहीं होता है। तो डाइवोर्स के लिये जो 18 साल एज लिमिट किया यह अच्छी बात है लेकिन मैं कहती हू कि शादी के लिये भी 18 साल एज लिमिट बढ़ा देनी चाहिये।

बच्चों के बारे में भी मै कहना चाहती हूं। डाईवोर्स के बाद बच्चा छोटा हो तो 5 साल तक मां के पास रहे और बड़ा हो जाये तो पिताजी महाशय उसको ले आ सकते हैं। 5 साल तक देखभाल मां करेगी, उसको बड़ा करेगी, उसकी बीमारी और सब कुछ देखेगी और बाद में पिता महाशय को अपने लैजिटिमेट पिंड-दान के लिये लड़का चाहिए, इसलिये उसको वापस ले जाते हैं, क्योंकि उसके लिये उसकी जरूरत होती है, यह गलत है। औरतों को यह हक होना चाहिए कि अगर वह चाहती है, कोई भी मां यह चाहेगी ही कि बच्चा उसके पास रहे, तो वह कंपलसन होना चाहिए कि बच्चा औरत के पास

[श्रीमती रोजा देशपांडे]

ही रहेगा और बाप उन बच्चों की पढ़ाई वगैरा का खर्च करे। लेकिन यह अंधापन है, गलत है कि बच्चे को मां पाले और बाद में बाप उसे अपने पास ले जाये। इसके लिये मेरा कहना यह है कि बच्चा मा के पास ही रहे, इसके लिये कोई प्रोटैक्शन की जरूरत है, नही तो होता यह है कि छोटेपन मे पूरी जिम्मेदारी मा को उठानी पडती है और बाद में उसको बाप ले जाता है। यह गलत बात है। मंत्री महोदय को इसके बारे में सोचना चाहिए।

आपने कहा है कि 6 महीने में तो इन केसेज का फैसला होना चाहिए। मैं कहती हू कि कुछ कंपलशन किया जाय, कम-से-कम और ज्यादा-से-ज्यादा यह नही। डाइवोर्स के केसेज के लिये स्पेशल कोर्ट्स बैठाने चाहिये। नही तो आज क्या होता है कि डाइवोर्स केस किसी ने डाल दिया, सालों तक उसकी एवीडेंस चलती जा रही हैं और फिर कोई कहता है कि उनका म्युचुअल दोबारा मेल हो जाये, इसके लिये टाइम बरबाद होता है, तो कुछ हर्ज नही है। मेरा कहना है कि कोई भी औरत अगर डाइवोर्स के लिये जाती है तो पूरी तरह सोच-विचार कर जाती है, कोई ऐसा नही चाहती कि दूसरे दिन डाइवोर्स ले और फिर शादी करे, ऐसा कही नही होता है। इसीलिये मेरा कहना है कि स्पेशल कोर्ट्स बनाने चाहिये और यह कहना चाहिए कि इस तरह के केसेज को ज्यादा-से-ज्यादा 6 महीने से हल हो जाना चाहिए।

मुझे मालूम है कि यह जो ला हम बना रहे हैं, इसका इस्तेमाल रूरल एरियाज की औरत और मर्द बहुत कम करेंगे। जो पढ़े-लिखे लोग हैं, वही इसका इस्तेमाल ज्यादा कर पायेंगे। उसका इस्तेमाल तभी लोग कर पायेंगे जब उन्हें मालूम हो कि यह ला क्या है, इसमें औरतों को कौन से हक मिलने वाले हैं, उनके लिये क्या मिलने वाला है। हमारी सोशल आर्गेनाइजेशन्स को यह बताना चाहिए कि इसमें हमारी औरतों और मर्दों के क्या राइट्स और रेस्पौंसिबिलिटीज हैं। ट्राइबल्स में डाइवोर्स कितना आसान है। लेकिन क्या वे लोग रोजाना डाइवोर्स लेते हैं?—नहीं। उनकी पचायत बैठती है, वह देखती है कि दोनों डाइवोर्स चाहते हैं, और तब वह फ़ैसला करती है कि चलो, डाइवोर्स हो गया। हमारी सोसायटी पढ़े-लिखे लोगों की है। उसमें डाइवोर्स केसिज इतनी आसानी से नही लाये जाते हैं। इस लिए यह जरूरी है कि स्पेशल कोर्ट्स बनाई जाये और इन केसिज का फैसला जल्दी से जल्दी किया जाये।

इस बिल में कहा गया है कि सात साल तक किसी आदमी का कोई पता न लगने पर पेटीशन दी जा सकती है। मै दोबारा कहूगी कि इस पीरियड को सात साल के बजाये एक साल कर दिया जाये।

कुछ सदस्यों ने कहा है कि इस बारे मे और भी सोच-विचार करने के बाद यह कानून पास किया जाये। मैं इससे सहमत नही हू। यह जो बिल लाया गया है, यह बहुत अच्छा है। हम ने इसके बारे में जो सुझाव दिये है, मंत्री महोदय उन पर सोच-विचार करें।

मै इस बिल का पूरा समर्थन करती हूं।

सरदार स्वर्ण सिंह सोखी (जमशेदपुर): उपाध्यक्ष महोदय, मैं इस बिल का स्वागत करता हू। इस बिल को मौजूदा जमाने के लिहाज से लाया गया है। मुझे इस बात की खुशी है कि मुझे इस पर बोलने का मौका मिला है। जब बीस साल पहले इस हाउस में हिन्दू मैरिज एक्ट पर गर्मा-गर्म बहस हो रही थी, तो मैं पब्लिक गैलरी में बैठा

सुन रहा था। मेरा दिल चाहता था कि मैं भी उस बहस में हिस्सा लूं। कुदरत का खेल है कि आज मैं इस बहस में हिस्सा ले रहा हूं।

मैं मिनिस्टर साहब को कुछ सुझाव देना चाहता हूं। मुझे उम्मीद है कि वह उन पर विचार करेंगे, और अगर मुनासिब समझेंगे, तो कुछ सालों के बाद उन के मुताबिक एमेंडमेंट करेंगे।

डाइवोर्स, तलाक, का कानून पति-पत्नी दोनों पर लागू होता है। तलाक की नौबत घर में बहुत खतरनाक मौके पर आती है। पुराने जमाने में लोग तलाक के नाम से ही चौंक उठते थे। लेकिन आज एजूकेशन बढ़ रही है। हम वैस्ट्रन कन्ट्रीज में जाते हैं और वहां के हालात को देखते हैं। इस लिए वक्त के मुताबिक इस एक्ट को एमेंड करना बहुत जरूरी है।

तलाक कई वजहों से होते हैं। जैसे, हमारे बिहार में शादी के वक्त तिलक का सवाल होता है। फिर डावरी का सवाल भी आता है। कई साठ, सत्तर साल के बूढ़े आदमी बीस साल की लकड़ी से शादी करते हैं। गरीबी भी इस का एक कारण है। गलती की वजह से भी तलाक होते हैं। जब तक हम इन बातों की गहराई में जा कर लोगों को एजूकेट नहीं करते हैं, तब तक तलाकों की तादाद बढ़ती ही जायेगी।

जमशेदपुर में कई लोग शादी करने के लिए अपना रिलिजन या जात बदल लेते हैं। वहां एक क्रिस्चियन जिस कम्युनिटी या सैक्ट को बिलांग करता था, उस में डाइवोर्स की इजाजत नहीं है। उस ने अपना रिलिजन बदल लिया और उस के साथ साथ उसी कम्युनिटी में फिर शादी कर ली। कई हिन्दुओं ने मुसलमान औरतों के साथ और कई मुसलमानों ने हिन्दू औरतों के साथ शादी की है। इस तरह शादी के लिए जो रिलिजन बदला जाता है और शादी के बाद फिर रिलिजन बदल लिया जाता है, मिनिस्टर साहब को उस की तरफ भी ध्यान देना चाहिए।

जहां तक इम्पोटेंस और दूसरी बडी बड़ी बीमारियों का ताल्लुक है, मैं कहना चाहता हूं कि मिनिस्टर साहब मेहरबानी कर के वह एमेंडमेंट कर दें कि इस बारे में डाक्टर का सर्टिफिकेट लाया जाये।

जितने जितने कानून बनते जाएंगे उतने ही उतने आप को उनके अन्दर और गहराई से जाना पड़ेगा। मेरा ख्याल है कि अगर सर्टिफिकेट डाक्टर का लाए तो बीमारी वाला सवाल बहुत दूर तक हल हो सकता है।

यह जो सिम्प्लीफाई किया है इस को यह बहुत ठीक किया है जैसे कि डाइवोर्स जो होगा वह सिंगिल ऐक्ट आफ एडल्ट्री पर हो जायगा। मैं तो कहता हूं कि इस को और सिम्प्लीफाई कीजिए। इस को स्नोरिंग तक ले आइए जिस को खुर्राटा भरना कहते हैं, वेस्टर्न कन्ट्रीज में औरतें स्नोरिंग करने पर भी हस्बैंड को डाइवोर्स कर देती हैं। तो इस को और सिम्पलीफाइ कीजिए। वेस्टर्न कन्ट्रीज में यह हो रहा है। बाकी जो डेजर्ट करते हैं, हस्बैंड को छोड़ कर चले जाते हैं, यह सिर्फ इसलिए होता है ज्यादा तौर पर कि जिस लड़की की शादी हुई होती है जिस में यह कहा होता है कि शादी पर यह यह चीज देंगे जिससे डावरी समझिए वह नही मिलती तो उस गुस्से के मारे वह उस लड़की को छोड़ कर हट जाते हैं, दो दो, तीन तीन और दस दस साल तक लड़की को ले नही जाते हैं। इस चीज के बारे में यह जो आप ने टाइम रखा है मैं तो कहूंगा कि इस को छः महीने रखिए, छः महीने तक हस्बैंड छोड़ दे तो वह पेटीशन दे सके। इस के टाइम को कम किया जाय तो अच्छा है।

[सरदार स्वर्ण सिंह सोखी]

वैसे यू के में और और फारेन कन्ट्रीज में भी मैंने सुना है कि वहां ट्रायल मैरिजेज होती हैं, लव अफेयर्स भी होते हैं। आजकल हम लोग उन की नकल कर रहे हैं।

We are following some of these western countries in these things.
तो या तो आप अपनी हिन्दुस्तानी सभ्यता रखिए या मिलावट वाला काम है तो आप खुली छूट दीजिए। ....(व्यवधान)....

एडल्ट्री की बात है। हम सब यहां पर बैठे हैं, अपनी छाती पर हाथ रख कर देखें कौन कितनी दूर तक इस मामले में है। मेरे ख्याल में हिन्दुस्तान में 75 परसेंट क्या 80—85 परसेंट तक को डाइवोर्स करना पड़ेगा अगर सिंगल ऐक्ट पर आ जायें। इस का कोई हिसाब नही है एडल्ट्री का। अब स्मगलर्स हैं, आप ही की स्टेट गुजरात में वे क्या करते हैं, शादी कर लेते हैं, बीबी बना लेते हैं, स्मगलिंग का काम किया और डाइवोर्स दे दिया। कानूनन अलग और फिर रात को कट्ठे। इसी तरह से डाइवोर्स हो रहे हैं, जैसे जो औरत और मर्द दोनों काम करते हैं, इनकम टैक्स के लिए आप ने कहा कि दोनों की इनकम को जोड कर इनकम टैक्स लगेगा। तो दिखाने के लिए वे डाइवोर्स कर के अलग अलग हो जाते हैं इनकम टैक्स बचाने के लिए और रात को फिर दे शेयर दि सेम बैड। तो इन चीजों को आप देखिए। यह सोचने की बातें हैं।

इसी तरह इल्लीगल बच्चों का सवाल है। कई लोग तो धोखे से शादी करते हैं, लड़की प्रग्नेंट है और उस की शादी धोखे से कहीं दूर ले जा कर कर दी तो उस में दिक्कत आ जाती है। कई बच्चे ऐसे हैं कि जिन को कोई नहीं मानता कि उस के हैं। वह कहती है कि मैं नही रखूंगी, वह कहते हैं कि मैं नहीं रखूंगा। इस तरह भी कई जगह होता है, आप देखिए जा कर। दुनिया बहुत बड़ी है। इसलिए इस चीज का भी आप को ख्याल रखना चाहिए कि इस के बारे में क्या करना है ?

इसी तरह जूरिस्डिक्शन की बात आती है। अक्सर ऐसा होता है कि शादी यहां हुई हस्बैंड चला गया यू के और लड़की चली गई कैनाडा। दोनों को डाइवोर्स करना है तो किस जगह आ कर डाइवोर्स की पेटीशन देंगे। ऐसे केसेज में जूरिस्डिक्शन का सवाल बड़ा मुश्किल हो जाता है। जितने लोग बाहर गए हैं उन के तलाक में यह बड़ी भारी मुश्किल है। तो इस के लिए बिलकुल साफ कह दीजिए कि हिन्दुस्तान में आ कर तलाक करें। इस को भी देखने की आवश्यकता है।

जिन बच्चों को डिसओन कर देते हैं उन के लिए चील्ड्रेन होमस बनाइए। ऐसे बच्चे हैं जिन को दोनों में से कोई रखना नही चाहता शर्म के मारे क्योंकि खानदान का नाम खराब होता है। उस में अगर लडकियां हैं तो बहुत सी तो प्रासेज बन जाती है। इसलिए चील्ड्रेन होम्स उन के लिए बनाइए सब जगह सेंट्रल प्लेसज में।

बाकी इंटर कास्ट मैरिज की बात है। मुझे पता है और सभी को पता होगा कि दो साल पहले यहां पर एक सवाल आया था कि जाब में एक शेडयूल्ड कास्ट ने शादी कर ली एक टीचर के साथ तो उसको नौकरी से निकाल दिया गया।

श्री दरबारा सिंह (होशियारपुर) : वह दोनां नौकरी में हैं।

सरदार स्वर्ण सिंह सोखी : मैंने भी अपनी स्पीच में कहा था कि उनको नौकरी में लेना चाहिए। तो इन्टरकास्ट मैरिजेज

को एनकरेज करना चाहिए। इन अल्फाज के साथ मैं इस बिल का समर्थन करता हूं।

श्री मूलचन्द डागा (पाली) : उपाध्यक्ष जी, समय कम है इसलिए मैं दो तीन बातें ही कहना चाहता हूं। मेहरबानी करके इसको बहुत सीरियसली सोचा जाये। ला, जस्टिस और पालिटिक्स पर एक किताब है जिसका एक छोटा सा कोटेशन देना चाहता हूं :

"One law for the Lion and the Ox is oppression."

देश में कानून बनते हैं, पढ़े लिखे समझदार लोग कानून बनाते हैं। किस लिए बनाते है लोगों के लिए बनाते हैं। लेकिन जो लाखां करोड़ां लोग गावों मैं रहते हैं, राजस्थान और मध्य प्रदेश में वहां पर क्या होता है ? आज भी छोटे-छोटे बच्चों की शादियां होती हैं। चाइल्ड मरिज ऐक्ट लागू है लेकिन उसकी कोई परवाह नही करता है। केवल किताब पर ही आपका कानून है। लाखों लोग गरीबी के कारण, जब उनके यहां कोई मर जाता है तो उस समय एक तीर से दो निशाने करते हैं, उस समय अपने छोटे-छोटे बच्चों की शादी कर देते हैं। इस तरह से उनको खर्चे से मुक्ति मिल जाती है। सेकेन्ड मैरिज या गौना 18 साल के बाद होता है। लेकिन आपने इसमें क्या कहा है ? सारे माननीय सदस्य जो इस समय हाउस में बैठे हैं वह गम्भीरता से सोचें कि इसमें गरीब तो फंस जायेगा और धनवानां का कोई नुकसान नहीं होगा। जिस औरत ने कभी पति का मुंह न देखा हो, जिसकी शादी उसकी मां ने थाली में करा दी हो वह 15 वर्ष की लड़की होती है, कानून के अनुसार वह बालिग नहीं हुई लेकिन आप उसको कहते हैं कि शादी छोड़ सकती है बिना अपने हस्बैंड के घर गए हुए—यह कैसा कानून है ?

"(iv) that her marriage (whether consummated or not) was solemnized before she attained the age of fifteen years and she has repudiated the marriage after attaining that age but before attaining the age of eighteen years."

18 साल के बाद आदमी में या औरत में समझ आती है, उसके बाद आप उसको अधिकार दीजिए कि डाइवोर्स कर सकें। आप कह रहे हैं कि 15–18 के बीच में जिसने अपने पत्ति का मुंह न देखा हो, जो पति और पत्नी साथ न रहे हों, जिन्होंने मैरिज लाइफ लीड न की हो वह भी छोड़ने के लिए कह सकते हैं। गांवों में गरीबी अभिशाप है। आज भी गरीब लोग अपनी लड़कियों की शादी इसलिए करते हैं कि कई जगह वह रुपया लेते हैं। इसके बाद 15 साल की लड़की होगी तो उससे वह फिर दरख्वास्त दिलवा देंगे और दूसरे आदमी से शादी करवा देंगे। गरीब आदमी लड़की की शादी से ही कमाना चाहेंगे। आपके डाइवोर्स के कानून की मंशा तो कुछ और है। वैवाहिक जीवन शुरू होने के बाद उसका सवाल होता है। हमारे मोखी साहब जैसे जो पत्नी भक्त है या हमारे बसुमतारी साहब या धामनकर साहब जिनकी महिलायें पति भक्त हैं जो अपने पतियों को प्राणधार समझती हैं उनको कोई खतरा नहीं है। खतरा तो उनको है जिनका पैर बाहर पड गया। जिनके पैर घर में रहते हैं वह तो ठीक है लेकिन एक बार आपका पैर बाहर पड़ा नहीं कि आप फंसे नहीं। मेरा मतलब एडल्ट्री से है, किसी आदमी का पैर बाहर पड़ जाये, गल्ती इन्सान से होती है, हमारे सोखी साहब तो खुले शब्दों में कह रहे थे, हमारे नवल किशोर जी दुनिया भर में घूमते हैं—अगर कोई गल्ती कर बैठें तो वे इस के शिकार हो जायेंगे। मैं एक बात कहना चाहता हूं—आप देखिये इसमें क्या लिखा है—जो इस में लिखा है, वह बहुत बड़ी बात है, मैं तो यह चाहता

[श्री मूलचन्द डागा]

था कि एक दफा एडल्ट्री के मामले में यह कानून उन लोगों के लिये लागू न किया जाय। जो छोटे-छोटे बच्चे हैं जो शादी के बाद पति-पत्नि के रूप में कभी साथ नहीं रहे जो एक दूसरे का जानते भी नहीं, वे इस कानून के द्वारा एक दूसरे को छोड़ सकेंगे—यह कैसा कानून है ? आप के कानून की मंशा यह थी कि जहा वैवाहिक जीवन सुखी न हो—मान लीजिये हमारे हंसदा साहब हैं उन का पत्नी से झगडा हो जाये, तब तो ठीक है लेकिन जहा एक-दूसरे के साथ रहे हो नहीं, वहा इस को लागू करना कहा तक मुनासिब है......

SHRI B. R. SHUKLA (Bahraich): Sir, I must rise in protest; he is invading the domestic life of money Hon. Members.

श्री मूलचन्द डागा मेरा मतलब आप समझ गये—मेरा यही मतलब है कि जो पुराने हैं, समझदार हैं, वहा झगडा होने का खतरा हो नहीं है। खतरा तो वहा है—जिन की आदत पैर बाहर रखने की है।

मैं कह रहा था—आप जरा चाइल्ड मैरिज एक्ट को देखिये—इस में लिखा है—

A chid means a person, if a male under 18 years of age and, if a female, under 15 years of age.

अब इस में आप रद्दोबदल करना चाहते हैं, आप चहाते हैं कि लडकी की उम्र 18 साल और लड़के की उम्र 21 साल हो—आप ने ऐसा निर्णय किया है, फैमिली प्लानिंग को दृष्टि में रख कर और दूसरे कारणों से—लेकिन मैंने जो अमेण्डमेन्ट दिया है, उस में कहा है कि जब तक हस्बैण्ड और वाइफ दो साल तक साथ न रहे हों, उन को रिप्यूडिएट करने का, त्याग करने का अधिकार न दिया जाये।

दूसरी बात—आप ने म्यूचुअल कन्सेन्ट से फ़ैसला होने के बाद वेटिंग पीरियड 1 साल रखा है, जिस की सब मेम्बरों ने सराहना भी की है, लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं—यह एक साल का मेन्टल-टेन्शन, मानसिक तनाव भी रखने की क्या जरूरत है, मेरी दृष्टि मे यह ठीक नही है। इसलिये मैंने जो संशोधन दिया है, मेहरबानी कर के आप उस को मान लीजिये।

तीसरी बात—आप ने कहा है कि मुकदमे की प्रोसीडिंग्ज इन-कैमरा होगी और उसकी पब्लिसिटी नही होगी और यदि होगी तो कोर्ट की आज्ञा से होगी। मै पूछता हू—कोर्ट यह परमीशन कैसे देगी ? एक तरफ आप यह भी चाहते हैं कि पुर्सुएशन से मामला तय हो जाए और उनको भी उसको तय करने का मौका दिया जाय, तो फिर पब्लिसिटी मे तो मामला और ज्यादा खराब होगा। समय बहुत कम है—इस बिल मे बहुत सी ऐसी बाते है, जिन पर गौर किया जाना चाहिए. मैने अपनी अमेण्डमेन्ट्स दी है, जब मौका आयेगा तो मै उन अमेण्डमेन्ट्स पर बोलूगा।

श्री डी० एन० तिवारी (गोपालगंज): उपाध्यक्ष जी, मैं गोखले साहब को बधाई देना चाहता हू कि उन्होंने जो कानून मे वृद्धि हो रही है और रोज रोज कानून बन रहे है. उन मे एक कानून की कमी की है और दो कानूनों को मिला कर एक कानून उन्होंने बनाया है। इसलिए मैं उन को बधाई देना चाहता हू। वे **हिन्दू मैरिज एक्ट**, 1955 और **स्पेशल मैरिज एक्ट**, 1954 दोनों को मिला कर सशोधित **दि मैरिज लाज (एमेंडमेंट) बिल**, 1976 इस सदन में लाए हैं।

यह सभी जानते हैं कि जब से विवाह प्रथा कायम हुई और विवाह की पद्धति

चली, तब से कोई न कोई नियम रहा है जिस से विवाह गाइड होता रहा है । 1955 में हिन्दू मैरिज एक्ट आया और 1954 में स्पेशल मैरिज एक्ट आया था लेकिन उस के पहले भी इस देश में कानून था और नियम था, जिस से विवाह होते थे । पहले मनु का विधान था और बाद में समय और काल के मुताबिक उस में परिवर्तन होता गया और उस के अनुसार विवाह होते रहे । मैं गोखले साहब को बता देना चाहता हूं कि हिन्दुओं में भी डाइवोर्स की पद्धति दो तीन ऊपर की जातियों को छोड़ कर सभी जातियों में थी और आज जो इस सम्बन्ध में कानून आया है उस में बहुत ज्यादा पेचीदगी है जबकि पहले डाइवोर्स में कोई झंझट नही होता था और न ही कोई खर्च होता था । आज इस की प्रक्रिया इतनी लम्बी हो गई है कि देहात के लोग तबाह हो जाएंगे । इसलिए मैं श्रीमती रोजा देशपांडे से सहमत हूं कि यह कानून रूरल एरियाज में ज्यादा चल नहीं सकता है । यह कानून केवल 8,10 परसेन्ट लोगों के लिए ही होगा क्योंकि जैसे जैसे लोग शिक्षित होते गये उन मे एक रोग और पैदा होता गया जिसको "प्रेम" रोग कहते हैं । पहले तो एरेन्जड मैरिजे होती थी लेकिन अब यह प्रेम रोग चल पड़ा है । कितनी ही कारगर दवा हो, उस का रीएक्शन होता है और इस तरह से यह एक प्रेम रोग नये रिएक्शन के रूप मे पैदा हो गया है । पहले मनु और दूसरे जो हमारे यहां विद्वान लोग थे, वे इस बात को नहीं जानते थे कि कोई प्रेम रोग होता है और कोई कानून इसके लिए नही बना था ।

अब आप जो 1955 के कानून के बाद ये एमेंडमेंट्स लाए हैं, देखना यह है कि इन में कोई त्रुटि रह गई है या नहीं, इस में कहीं डिस्क्रीमीनेशन है या नहीं। यह ठीक है कि यह जो कानून बन रहा है केवल 8 या 10 परसेन्ट लोगों के लिए ही है लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि यह जो कहा जाता है कि शादियों का रजिस्ट्रेशन कम्पलसरी हो, मैं समझता हूं कि प्रेक्टिकेबिल नहीं है । 10 परसेन्ट लोगों को छोड़ कर देहातों में कोई इस की केयर नहीं करेगा और शादियो का रजिस्ट्रेशन नहीं कराएगा । रजिस्ट्रेशन हो लेकिन यह आप्शनल होना चाहिए, कम्पलसरी नही होना चाहिए । अगर इस को आप कम्पलसरी बनाइएगा, तो इस के बहुत ज्यादा ब्रीचेज होंगे या नाहक पुलिस लोगों को दिक करेगी क्योंकि देहात के लोग इस मूड में नहीं है कि वे रजिस्ट्रेशन करांए और 80, 85 प्रतिशत जनता देहातों में रहती है । इसलिए इन 8, 10 परसेन्ट लोगों के लिए आप क्यों 85, 90 परसेन्ट लोगों को बाध्य करते है और मेरी समझ में यह उचित नही होगा ।

आप 20 वर्षों के अनुभव के बाद यह एमेंडमेंट लाए है, लेकिन मुझे इस में एक खामी दिखाई देती है । कल मैने और श्री विभूति मिश्र ने ला मिनिस्टर साहब से बात की थी और उन को बताया था कि स्पेशल मैरिज एक्ट मे भी और हिन्दू मैरिज एक्ट मे भी एक लेकूना है जिस मे पुरुष को सफ़र करना पडेगा और औरतों को सफ़र नही करना पड़ेगा। मैंने उन से कहा था कि आप इस को दूर कीजिए और मैं एमेंडमेंट देने के लिए तैयार हू । उन्होंने कहा था कि ऐसी बात नही है और वह लेकूना ठीक हो गया है लेकिन फ़िर जब रात को मैंने इस को पढ़ा और सुबह इस को पढ़ा, तो मालूम हुआ कि डिस्क्रीपेंसी है और उस को आप को सुधारना चाहिए । यह नही होना चाहिए कि कानून बनाने में एक पार्टनर को सुविधा हो जाए और दूसरे को असुविधा हो । यह उचित नही होगा । इसके लिए आप को इस बिल को अगर फ़िर राज्य सभा में ले जाना पड़े, तो ले जाइए । मैं चाहता हूं कि आप स्पीकर साहब से इजाजत दिलवा दें ताकि मैं इस अमेंडमेंट को अभी ला सकूं ।

[श्री डी॰ एन॰ तिवारी]

एमेंडमेंट टू सैक्शन 13 लाइंज 40 से लाइन 45 तक आपने दिया है :

"that in a suit under section 18 of the Hindu Adoptions and maintenance Act, 1956, or in a proceeding under Section 125 of the Code of Criminal Procedure, 1973 (or under the corresponding section 488 of the Code of Criminal Procedure, 1898), a decree or order, as the case may be, has been passed against the husband awarding maintenance to the wife notwithstanding that she was living apart and that since the passing of such decree or order cohabitation between the parties has not been resumed for one year or upwards"

इस केस में वाइफ़ डाइवोर्स की एप्लीकेशन दे सकती है लेकिन पुरुष जो पैसा भी दे रहा है और अलग भी रह रहा है वह डाइवोर्स के लिए एप्लाई नही कर सकता है। यह बड़ा डिसक्रिमिनेशन है। उसको भी राइट होना चाहिये कि वह अपना पार्टनर ले सके, जीवन साथी ले सके और शादी कर सके। औरत को तो राइट है। उसे कोई तकलीफ़ नहीं है, उसको पैसा मिलता है, खाती पीती है लेकिन अगर पुरुष बेचारा अपना घर बसाना चाहता है, वंश को आगे चलाना चाहता है तो इसका इसको राइट नहीं है और यह राइट नहीं है कि शादी कर सके।

क्लाज 27 स्पेशल मैरेज एक्ट में भी इसी तरह की एक धारा है। दोनों को आपको बदलना चाहिये। दोनों के लिए आपको एमेंडमेंट लाने चाहियें। वर्ना इसका मतलब यह होगा कि आप डिसक्रिमिनेट कर रहे हैं। सोशल लाइफ़ में टेंशन भी इससे होगा। ऐसी बात नहीं है कि ला मिनिस्टर का ध्यान इस ओर आकर्षित न किया गया हो। 1972 में श्री वेनकटासुबैया ने आपको एक पत्र लिखा था और आपको कहा था कि इस ओर आपका ध्यान जाना चाहिए। 4 दिसम्बर 1973 को फ़िर उन्होंने आपको पत्र लिखा। पार्लियामेंट में सवाल भी किया था स्टार्ड क्वेश्चन नम्बर 480। इसका आपने यह उत्तर दिया था :

"Certain proposals for amending the law relating to divorce, including a suggestion to grant a right to seek divorce in cases where maintenance under Section 488 of the Code of Criminal Procedure has been ordered, are being examined.

No decision has been taken in this rgerd."

उसके बाद आपने उसका जवाब दिया :

"Please refer to your letter dated December 4, 1973, regarding the proposal for amending the divorce law so as to grant right of divorce to parties in whose case maintenance under Section 488, Criminal Procedure Code, has been ordered. The proposal is being considered along with other suggestions for liberalising the provisions relating to divorce under the Hindu Marriage Act, 1955 and the Special Marriage Act, 1954.

The propsal has been linked with the other proposals with a view to avoiding piece-meal legislation and will take some more time to bring forward the necessary amending legislation"

उसके बाद आपने कोई ध्यान नहीं दिया। श्री बनमाली पटनायक ने भी आपको पत्र लिखा इसी के सम्बन्ध में। उसको भी आपने वही उत्तर दिया :

"Please refer to your letter of the 11th June, 1974 regarding the granting of a right to either party to a

marriage to seek divorce if they are separated under section 488 of the Code of Criminal Procedure, 1898.

The Law Commission has made its recommendations with regard to the matter and the said recommendations are under the consideration of the Government. As soon as a decision is taken in the matter, a further communication will follow."

And this 'further communication' will never follow.

उसके बाद जब बिल पेश हो गया राज्य सभा में 7 अप्रैल, 1976 को तो राज्य सभा के सदस्य श्री कृष्ण कान्त ने इस सम्बन्ध में चिट्ठी लिखी। लेकिन आप ने सब को इग्नोर किया। नही मालूम क्यों? पुरुषों से क्या आप को चीर है, मुझे मालूम नही। आप के प्रीडिसेसर, श्री गोविन्द मेनन, ने कहा था कि यह ठीक है कि इस मे सशोधन होना चाहिये। आप ने कल कहा कि राइट तो कहा राइट है, मेरी समझ मे नही आता। आप अमेंडमेंट कर रहे हैं...

MR. DEPUTY-SPEAKER: You are taking too much time.

SHRI D. N. TIWARY: I am not a lawyer. I cannot speak spontaneously. I have to sort out the papers.

MR. DEPUTY-SPEAKER: There is a good number of members who want to speak.

SHRI D. N. TIWARY: I want an amendment to this Act which is causing hardship to many.

SHRI H. R. GOKHALE: I have understood the point. I will reply to it.

MR. DEPUTY-SPEAKER: The Minister has understood it. That simplifies your matter.

SHRI D. N. TIWARY: If you simply take this one here in the same page, page 3, after explanation to sub-section (ii) then it can solve the purpose. But when you are not doing it there but you are keeping it here, it becomes discriminatory. There the husband has no right to apply. On account of his assurance that there is a right for the husband also for divorce, I could not give my amendmen. If you like, I will send it over to you. I have got it here. It can be moved. If he replies and if you are satisfied and if I am satisfied, I will withdraw it. If not, it should be taken into consideration.

MR. DEPUTY-SPEAKER: You have given notice of your amendment?

SHRI D. N. TIWARY: On his assurance I did not. But I am giving notice just now.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Notice should have been given yesterday or the day before.

SHRI D. N. TIWARY: I consulted the Law Minister and he assured me that there is a right in this section for divorce by the husband.

MR. DEPUTY-SPEAKER: If he agrees to your point of view, nothing stands in the way to bring an amendment.

SHRI D. N. TIWARY: If he is convinced that it is not there...

MR. DEPUTY-SPEAKER: Let him reply. He has understood your point. That should satisfy you.

Now, there are cecrtain rules for giving amendments. You cannot give amendments just on the floor of the House like this.

Mr. B. R. Shukla.

SHRI B. R. SHUKLA (Bahraich): The amending Bill is welcome in many respects.

Under the existing Section 14 a petition for divorce can be presented 3 years after the marriage has taken place. Only in exceptional circumstances of hardship and depravity,

[Shri B. R. Shukla]

petition can be presented earlier under the rules made by the High Court. Now, to this, an amendment is being made that a petition for divorce can be presented after one year of marriage. So, in this respect, the amendment is very liberal and very welcome.

The second point is that a new clause is sought to be inserted, namely, Clause 13(B) according to which, if the parties have been living separately for a period of one year or more and it has not been possible for them to live together, then by mutual agreement, the marriage can be dissolved. This is such a revolutionary and unprecedented measure that the parties after one year can always get their marriage dissolved. Now, this is in conflict with Sections 20 and 25 cf the existing Act. According to Section 20, in the petition it has to be stated by the petitioner that the parties are not in collusion for bringing a termination of the marriage and the Judge, while deciding the case, has to give a finding that the petition for divorce is not a collusive one. Section 13(B), sub-clause (2) says that by mutual agreement they can bring about dissolution of marriage. Therefore, those sections are in conflict with this.

If after passing the decree of conjugal rights restitution has not taken place for one year, divorce petition can be presented and similarly if there was no resumption of chabitation between the parties for one year after passing of decree of judicial separation then also divorce petition can be presented. These are very liberal measures.

I agree with Mrs. Roza Deshpande's contention. There is the provision that if the spouse has not been heard of for 7 years by persons who ought to have known his whereabouts, only then the divorce petition is permissible. This is a very hard thing and I may say, an obsolete idea. It was based on the provision of Indian Evidence Act that a person not heard of for 7 years or more shall be presumed to have died. On that basis this clause was inserted. My submission is this. In matrimonial matter if the parties have by force of circumstances within or outside their control been able to live together in the best period of their married youthful lives, then, the marriage should be dissolved.

Therefore, this period of 7 years should be reduced to 3 years. This is a self-contained law. Divorce and judicial separation can take place only within the purview of the provisions of the Hindu Marriage and Special Marriage Act.

There are thousands of marriages which are dissolved and which are terminated by the customary law of the parties. Those customary laws are operating in Hindu Society.

Therefore, there should be a provision in this Act that nothing in this Act shall operate to bar dissolution of marriage if they have been mutually agreed upon by parties. That will save time of the court, that will save the expenses of the parties.

So far as judical separation is concerned, it has been made permissible on the same ground on which the decree for divorce is obtainable. Previously for judicial separation, one of the grounds was that if the person had voluntary intercourse with a person other than his own spouse. The ground for divorce was the respondent living in adultery. There is difference between living in adultery and having sexual intercourse with person other than his or her own spouse. Voluntary sexual intercourse may be a lapse only for once while living in adultery means continuous way of sexual life with another person.

One single lapse, I think, should not be a sufficient ground for obtaining a decree for divorce.

I agree with my hon. friend, Sardar Swaran Singh Sokhi, that the biological urges under certain circumstances compel a man to deflect from the path

of rectitude or from the peaceful marriage life. That person either should speak lies that he has not entered into such an intercourse even for once or, if he admits that, then that is the ground for his spouse or her spouse for seeking a divorce or judicial separation.

Therefore, my submission is that this occasional lapse from the path of marital rectitude should not be so harsh as to invite the provision of divorce or judical separation. In the old days the marriage was a sacrament. We have given a good-bye to that ancient principle that marriage is a sacrament and that it continues throughout the life of the partners and it continues even beyond this life. That principle is no longer relevant or applicable in the context or the changed social values of our modern life. Therefore, once the principle of divorce and the principle of judicial separation has been conceded and incorporated in the Hindu Marriage Act, 1955, the only question that remains relevant under the present Bill is whether the divorce should be easier or whether the agony of the unhappy couple should be prolonged for three years, four years, or five years or the agony should be terminated and the couple should be taken out of that position in which they were placed by unfortunate circumstances.

Therefore, the Bill is all the more welcome. The only point which I would like to say in this connection is that this Bill, the Hindu Marriage (Amending) Bill and the Hindu Marriage Act, wherein the amendments are going to be incorporated, extend only to a section of our society. There is a demand in the other sections of the society that a suitable Bill extending to their community should also be brought by Government.

I perfectly respect the feeling and religious susceptibility of other communities. But, the leaders of these communities and those who are modern in their outlook should create an atmosphere in which an analogous Bill extending the benefit of such beneficial measures should also be enacted for them.

With these submissions, I support the Bill in its entirety.

SHRI B. V. NAIK (Kanara): Mr. Deputy-Speaker, Sir, I welcome the motive of this Bill.

SHRIMATI PARVATHI KRISHNAN: Don't you appreciate it?

SHRI B. V. NAIK: I do not know the Queen's English of comrade Parvathi Krishnan.

The motive is good that in a society like ours, a man and woman choose their own life and, when they think that living together is difficult, they decide to stay apart. Legal barriers should not stand in the way of such a decision. To that extent it is all right.

15 hrs.

But, when we come straightway to this particular and most operative part of the Bill on which, perhaps, a very large number of future divorces may take place in this country, namely, that if a person, after the solemnization of the marriage had voluntarily a sexual intercourse with any person other than his or her spouse, I think there are limits upto which the State which symbolises the society should go. I heard very recently that there is a divorce law in Australia whereunder this entire thing regarding adultery has been completely eliminated. I am not saying that we permit a sort of permissive society where the conduct of an individual—male or female—has absolutely no standards. But as was pointed out by some of the learned speakers, if we go through the red-

[Shri B. V. Naik]

light districts of the big urban metropolis and see the total institution or the industry of prostitution in the world who would believe that it could continue in such stringent laws. In all earnestness I would life to say, the question would arise—I would not like to quantify as was done by one hon. Member—at which point should you draw a limit. I would not go to the extent of quantifying it as 75 per cent as was done by one hon. Member. Why not leave it in an inter-personal relation that a particular partner has committed a breach of faith or a breach of promise or has broken the solemn promises that he gave at the time of marriage? Why not leave it for mutual adjustment at a particular point of time? Therefore, I would consider this as not only a sort of utopian concept of our society but I would also consider it as being downright unpractical in life. Let us not bring in our personal experiences or personal beliefs or personal revulsions into plav at the time when we are legislating for the society as a whole. I think the institution of marriage, particularly in a backward and undeveloped country like ours, where it offers security more for a woman than for a man is too sacred for us politicians to tamper with. I would, therefore, urge upon the Minister to kindly leave the institution of marriage in its private position. Of course, the judiciary will say, let us have a clear mandate from the legislature and the Parliament of this country. I would go to the extent of saying when a personal conduct of a man or a woman, who are partners in a marriage, becomes intolerable because of bad conduct without trying to define it as something which is very personal and putting it on the statute book, leave it to those people who constitute marriage. Let either of them decide whether it is one intercourse—voluntary or not voluntary—when to break their marriage, details should not be provided in the statute. Kindly throw it out of this statute book.

SOME HON. MEMBERS: What!

SHRI B. V. NAIK: It is no laughing matter. A soldier who goes to the battlefield or a person who comes to a big city to earn his living do we expect all these people in this twentieth century to be 'Ramas'. Ramas have different connotations in Bombay. That is a different matter. Ramas today in Bombay are the domestic male servants. There is a history behind it. So, as I was saying, let us be practical.

SHRIMATI PARVATHI KRISHNAN: He does not know what he is speaking.

SHRI B. V. NAIK: Sometimes she seems to be mythological Parvathi and not comrade Parvathi.

I appeal in all earnestness to the good sense of the House and urge upon the hon. Minister to consider it in all seriousness. Make it flexible.

I have before me the very good document about the status of women in India. Our good friend, Shri Vikram Mahajan, who is not paying any attention to this debate, was a member of that committee and had done yeoman service. The point they have made is, "Our recommendations are primarily to guarantee the rights guaranteed to the women under the Constitution." Sir, unfortunately you and many members of this House are not born women and we will never be able to understand how a woman feels like. It is no mistake of ours, but in order to bring in a sense of justice in cases of judicial separation, divorce, etc., to the extent possible the divorce courts should be manned by women judges, in order to have a semblance of fair dealing, because in a majority of these cases it is the woman who is wronged. I have discussed it with my friends. After all, many of us here are married people, the privileged ones who can have companionship in life. I am looking at the vast multitudes in this country, those educated unem-

ployed, one crore of them, and my submission is, we will have to solve the problem of unemployment to make marriage meaningful to these under-privileged people.

With these words, I support the Bill.

SHRI DHAMANKAR (Bhiwandi): Sir, I rise to support the Bill. I am not a lawyer and I would speak only from the point of view of the social psychology of society Our Hindu philosophy is not static. Formerly there were joint families where father, another, parents, sons, doughters-in-law etc. were living together and the elders could see that the marriages of their children were not broken. But things are fast changing. Now couples have to stay in cities to earn their livelihood. Naturally there are some occasions when there is friction between busband and wife and more often, the wife has to suffer I know an instance where a friend of mine was suffering from gangrene and one of his legs was cut off. He was insisting that his wife should take a divorce and remarry. But she said, as a Hindu wife, she was not proposed to divorce him and she would nurse him She had to wait for six years When his second leg also was cut off, he prevailed upon me to see that his wife got a divorce. As a noble soul, when she got the divorce, she asked his friend to marry her and till his death that woman was nursing him when he was lying on his bed That is the Hindu philosophy Because the divorce law is there, nobody can say that every boy and girl will go to the court and get a divorce Marriage is a compromise, a contract in life between a husband and a wife Because there is a divorce law, I do not think, people run to the courts and take divorce everyday But in cases where divorce was necessary because of cruelty or some sort of disease and the couple had to wait for six years, I think it was cruel. Now, in the new Bill, the period has been reduced This is a very good thing and this will be in the interest of the society.

This Bill is meant for Hindu Marriage Act. But I think, there should be a civil code for all the communities of this country. Under Article 44 of the Constitution, the State is empowered to make a common law for all the people. There are women in other societies, in other communities who are in distress and who desire to have talaq. From this point of view, I would urge upon the Law Minister that a common civil law should be brought before this House to give justice to all.

श्री नरसिंह नारायण पांडे (गोरखपुर) : उपाध्यक्ष जी जिस मकसद से यह बिल माननीय विधि मंत्री जी ने सदन के सामने पेश किया है मैं उन की भावनाओं का आदर करता हू और इस का समर्थन करता हू । मान्यवर भारत में हिन्दू धर्म के नाम पर बहुत दिनों से औरतों का जो शोषण हुआ था उस समाज को शोषण-विहीन समाज बनाने के लिये ऐसे बिल की आवश्यकता थी । हमारे समाज मे आज जिस तरह की परिस्थितियां उत्पन्न हो गई थी उस मे स्त्री समाज को प्रोटेक्शन देने की बहुत सख्त जरूरत थी और उस प्रोटेक्शन के लिये यह जरूरी था कि हमारे नियमों मे परिवर्तन और परिवर्धन किया जाय---इसी लिये यह बिल यहा लाया गया । हमारे माननीय मंत्री जी जिन्होंने स विधेयक को यहां पेश किया है वे आज की जरूरत के मुताबिक आज की अकाक्षाओं के मुताबिक इस बिल को यहा लाये है । स्त्रियां जो आज पढ-लिखकर समाज मे अपना स्थान प्राप्त करना चाहती है घर से बाहर जाने के बाद जिस प्रकार से समाज मे उन को हीन भाव से देखा जाता है---इस सन्दर्भ मे यह बिल बहुत ही स्वागत योग्य है ।

लेकिन मान्यवर आज हमारे समाज में एक ऐसा वेस्टर्न टाइप एलीमेन्ट भी व्याप्त हो गया है जिस मे यदि सारे समाज पर

[श्री नरसिंह नारायण पांडे]

इस बिल को लागू किया जाय तो इस का प्रभाव केवल 10 या 15 प्रतिशत लोगों पर ही पड़ेगा और वे लोग जो ब्रेन-ड्रेन से हमेशा परेशान रहते हैं समाज के अन्दर ऐसे अवांछनीय तत्व है जो स्त्रियों का आदर नहीं करते हैं जो स्त्री को गृहणी नहीं समझते हैं, लक्ष्मी नहीं समझते हैं, अपनी सहयोगिनी नहीं समझते हैं, उन के ही ऊपर यह लागू हो सकता है। हमारी माननीय सदस्या श्रीमती रोजा देशपांडे जी और पार्वती कृष्णन् जी ने अनेकों मिसालें यहां पर दीं हैं। मैं भी श्रीमन् एक-दो मिसालें ऐसी जानता हूं कि जिन के बाद मैं ऐसा समझता हूं कि इस प्रकार के बिल को यहां पर लाना बहुत जरूरी था। यह विशेषकर उन लोगों पर लागू होता है जो पढ़-लिख कर वेस्टनाइज हो जाते हैं, मैटीरियल-युग में अपने को ढालते चले जाते हैं, पुरानी सभ्यता और संस्कृति को भूल जाते हैं। आज जो 80 परसेन्ट लोग हिन्दुस्तान में रहते हैं वे गांवों में रहते हैं और उन के ऊपर यह लागू होना मुश्किल है और शहरों मे जो 10, 20 परसेन्ट लोग आ कर बस गये हैं और जिन में अंग्रेजी सभ्यता की थोड़ी बहुत बू आ गई है, उन पर ही यह लागू होगा। आज देहातों में जो औरतें हैं वे पति को देवता के रूप में मानती हैं और इस बिल को लागू होने से उन पर कोई बहुत ज्यादा असर नही पड़ेगा। आज भी वे चाहती हैं कि हम दोनों के सम्बन्ध मधुर रहें और संगिनी बन कर वे अपने पति की सेवा करती रहें और पति उन का हमेशा साथ देता रहे। मनु से ले कर आज तक का जो इतिहास है, उस के पढने के बाद हमारा दिमाग बिल्कुल साफ़ हो जाता है कि यह कानून केवल 10, 15 परसेन्ट स्त्रियों और मर्दों के लिये ही है जोकि ब्रेन-ड्रेन से प्रभावित हैं और उन के लिए इस कानून को मान लेना चाहिए और उन को मौका देना चाहिए कि वे अगर डाइवोर्स करना चाहें तो कर लें। इस में डाइवोर्स का जो समय रखा गया है वह ठीक है और जो दूसरी प्रक्रियाएं दी हुई हैं वे भी ठीक प्रक्रियाएं हैं लेकिन आज भी यदि कोई कहे कि यह सारे देश में लागू होगा, तो मैं समझता हूं कि इस के कानून बनने के बाद सारा देश इस को स्वीकार नहीं करेगा। हां, जैसा कि मैंने पहले अर्ज किया, ब्रेन-ड्रेन से जो प्रभावित हैं, वे अपने प्रेम के नाते शादी-विवाह करते हैं और वह प्रेम कभी नहीं चलता है और बाद में जा कर टूट जाता है, उनके लिए यह कानून उपयुक्त कानून है।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि मैं ऐसा मानता हूं और जैसा कि हमारे साथी श्री आमनकर ने कहा कि कानून एक तरह का होना चाहिए। किसी एक कम्युनिटी के लिए खास कानून बने, हिन्दुओं के लिए कोई कानून बने और मुस्लिम के लिए न बने, क्रिश्चियनों के लिए न बने, तो यह ठीक नहीं है। मैं माननीय मंत्री जी से यह जरूर अपेक्षा करूंगा कि इस तरह का यदि कानून आया होता तो सारे धर्मों के लोगों पर, सारे महजबों के लोगों पर—चाहे हिन्दू हो या दूसरी कौम का हो— एक इन्सान के रूप में लागू किया जाता तो बहुत अच्छी बात होती और संविधान के अनुरूप वह चीज होती और इस से हम देश के अन्दर इक्वेलिटी की भावना पैदा कर सकते थे। यह सिर्फ़ हिन्दुओं के लिए आया है और दूसरी क्लासेज के लिए नही आया। इसका तो होना चाहिए था "स्पेशल इन्डियन मैरिज एक्ट", लेकिन इस का नाम दिया गया है "स्पेशल मैरिज एक्ट"। मैं समझता हूं कि इस के ऊपर आप को विचार करना चाहिए जिस से कि यह सारे समाज के लोगों पर लागू हो और किसी एक धर्म के लोगों पर ही लागू न हो।

इन शब्दों के साथ यह जो मैरिज लाज (एमेंडमेंट) बिल, 1976 सदन में आया है, इस का मैं समर्थन करता हूं।

श्री एस० राम गोपाल रेड्डी (निजामाबाद) : उपाध्यक्ष जी, मैं गोखले साहब को बधाई देता हूं न सिर्फ इस वास्ते कि वे इतना अच्छा बिल इस सदन में लाये हैं बल्कि इसके लिये भी कि इन्होंने सदन में एक लाइवली डिबेट करने का मौका सदस्यों को दिया है। बहुत जमाने के बाद एक लाइवली डिबेट इस सदन में हो रही है और न सिर्फ ज्यादा मेम्बर्स दिलचस्पी ले रहे हैं बल्कि प्रेस गैलरी में भी आज ज्यादा लोग बैठे हुए हैं जबकि पहले बहुत कम होते थे।

MR. DEPUTY-SPEAKER: You need not refer to the gallery.

SHRI M. RAM GOPAL REDDY: Thank you, Sir.

जो यह बिल लाया गया है वह हर तरीके से मुकम्मिल है और पूर्ण है क्योंकि यह बिल मिनिस्टर गोखले ने ही नहीं ड्राफ्ट किया है बल्कि जस्टिस गोखले ने इसको ड्राफ्ट किया है और उसके बाद ये इसको हमारे सामने लाये हैं। यह पहली दफ़ा है कि इसमें "हिन्दू" शब्द नहीं जोड़ा गया है और यह संशोधन इन्होंने किया है और इसका नाम इन्होंने "दि मैरिज लाज (एमेंडमेंट) बिल, 1976" दिया है। इसलिए भी मैं गोखले साहब को बधाई देता हूं क्योंकि जब पहले इसमे "हिन्दू" शब्द था, तो तमाम भारतवर्ष में बहुत चर्चा हुई और उसका बड़ा विरोध किया गया था। उस शब्द को निकालने के बाद आज हमारे समाज में जितने भी लोग हैं, उन सब पर यह लागू होता है। तो मैं ऐसा समझता हूं कि सब से बड़ी चीज़ इसमें यह हुई हैं।

इसमें जो 16 वर्ष की आयु में शादी होना और 18 वर्ष की आयु में डाइवोर्स करने की बात है, वह कुछ ठीक नहीं दिखाई पड़ती है क्योंकि दो साल में तो बच्चे हो जाते हैं और बच्चे हो जाने के बाद डाइवोर्स बड़ा मुश्किल हो जाता है। इसलिए विवाह की उम्र भी 18 से बीस साल कर देनी चाहिए। उसके बाद डाइवोर्स का भी इसके साथ मेल बिठाया जाना चाहिए।

यह देखने में आ रहा है आजकल कि बहुत से लोग डाइवोर्स किये बगैर विदेशों को चले जाते हैं। इस तरह की जो चीजें हैं इनको भी आपको देखना चाहिए।

विदेशों से लोग और खास तौर पर मिडल ईस्ट से लोग यहां भारत में आते हैं और शादियां करके लड़कियों को विदेशों में ले जाते हैं। ऐसे केसिस भी हमारे नोटिस में आये हैं जिनमें वे वहां पर इन लड़कियों से वैश्यावृत्ति कराने का काम करते हैं। मैं चाहता हूं कि इसका भी कोई उपाय आपको करना चाहिये। जो भी भारतीय लड़की किसी विदेशी के साथ शादी करे और यहां से विदेश जाये तो मैं समझता हूं कि जिस देश में वह जाये वहां की सरकार से आपको गारंटी इसके बारे में लेनी चाहिए कि उसकी देखभाल ठीक से होगी। हमारे जो एम्बेसेडर हैं, जो हाई कमिश्नर हैं उनके पास भी पूरी रिपोर्ट इस तरह की बातों की होनी चाहिए। भारतीय लड़कियों को विदेशों में ले जा कर जिस तरीके से बेइज्जत किया जा रहा है यह बहुत ही खराब चीज़ है। इसका भी आपको कोई इंतज़ाम करना चाहिए।

डाइवोर्स हो गया तो जो बच्चा है उसके लिए आप ने यह व्यवस्था की है कि पांच साल तक वह अपनी मां के पास रहे और इस अवधि के पूरा हो जाने के बाद वह फिर सौतेली मां के पास भेज दिया जाये। पुराने ज़माने से हम देखते आ रहे है कि सौतेली मां का व्यवहार अपने सौतेले बच्चों के साथ अच्छा नहीं होता था। इसलिए जो भी डाइवोर्स करना चाहता है उसके लिए आपको ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए कि उसके बच्चे के वास्ते पूरे-पूरे खर्च की व्यवस्था हो और उसकी प्रापर्टी में से बच्चे को हिस्सा

[Shri M. Ram Gopal Reddy]

मिले। बच्चा अपनी असली मां के पास ही रहना चाहिए। इस तरह का एमेंडमैंट आप लाये होते तो बहुत अच्छा होता।

यहां वेदों और पुराणों की बात भी की गई है। यह कहा गया है कि उसके अनुरूप यह बिल नहीं है। यह भी कहा गया है कि जमाना बहुत बदल गया है। मैं आपको बतलाना चाहता हूं कि वेदों और पुराणों में भी डाइवोर्स की व्यवस्था थी। नल दमयन्ती की जब शादी हुई और जब नल का पता नहीं चला तब दूसरे स्वयंवर की घोषणा की गई थी। जो लोग वेदों को नहीं जानते हैं, जिन्होंने वेदों को पढ़ा तक नहीं है, वे वेदों का भाष्य कर रहे हैं। इन्होंने वेदों और पुराणों को पढ़ा तक नही और सुनी सुनाई बातों पर विश्वास कर लिया है। वेद संस्कृत में हैं। उनके बारे में जो पेपर्ज में या मैगेजींज़ में आता है अगर उसको ही इन्होंने पढ़ लिया होता तो इस किस्म की बात ये नही करते। सोलह संस्कारों का वर्णन उनमें है। जन्म संस्कार से लेकर दान संस्कार तक है जिसमें विवाह संस्कार भी है। पुराना सब चीजें गलत हैं और नई सब सही हैं यह धारणा गलत है। हम को चाहिए कि पुराना चीज़ों को हम पढ़े और उन पर मनन करे, उन पर विचार करे। कुछ मेम्बर वेदों के ऊपर यहां व्याख्यान कर रहे हैं। मैं समझता हूं कि उन महाशय ने वेदो को देखा भी नही होगा। क्रिटिसिज्म करने से पहले उनको पुराणो का ज्ञान प्राप्त कर लेना चाहिए था, हिस्ट्री अपनी पढ़ लेनी चाहिए थी। यह कहना कि चूंकि डाइवोर्स बहुत आसान कर दिया गया है इस वास्ते इसकी बहुत ज्यादा घटनाएं हो जायेगी ठीक नहीं है। यह एक वहम है। इस्लाम की बात को आप ले। उसमें यह है कि अगर मर्द खड़ा होकर औरत को बोल दे, तलाक, तलाक, तलाक, तीन बार बोल दे तो तलाक हो जाता है। इतना होते हुए भी हम देख रहे हैं कि इस्लाम में तलाक ज्यादा नहीं हो रहे हैं। अगर कोई चारा ही न रह जाये तभी डाइवोर्स का प्रावधान किया जा रहा है और इससे फायदा उठाया जा सकता है।

इतना अच्छा बिल लाने के लिए मैं गोखले साहब को एक बार फिर बधाई देता हूं और अपना भाषण समाप्त करता हूं।

श्री हरी सिंह (खुर्जा) : जो मैरेज ला एमेंडमेंट बिल सदन में प्रस्तुत किया गया है यह समय और समाज की मांगों के अनुकूल है। सन् 1954 और 1955 में जब विवाह कानून बना था तब से आज तक बहुत परिवर्तन हो गये हैं और हमारी मान्यताएं भी बहुत बदल गई हैं। सामाजिक सम्बन्धों की विवाह के सम्बन्धों की जो पुरानी धारणायें थीं वे भी बडी तेजी से बदल रही हैं। एक के बाद एक हमारे माननीय मंत्री महोदय ने जो एमेंटमेंटस इस कानून में पेश किये हैं, बिल में पेश किये हैं वे काबिले तारीफ हैं। पहले जो कानून थे उनके अधीन अगर घर में स्त्रियों को पुरुष परेशान करते थे, जुल्म और अत्याचार करते थे तो वह अदालत में इसलिये नही जा सकती थी कि वहां काफ़ी लम्बा समय लगता था और कोर्ट की परेशानी घर के जुल्म और अत्याचार से बढ़कर होती थी। अब मंत्री महोदय ने इसको सरल बना दिया है। अब तलाक और विवाह के केसेज जो हैं उनको जल्दी से निपटाया जा सकता है, और एक नया संशोधन डाइवोर्स बाई कन्सेंट, पेश किया है जो अनुपम संशोधन है और इससे काम बहुत आसान हो गया है। क्योंकि कभी-कभी जब स्त्री और पुरुष दोनों समान भावना के होते हैं तो वह आपस में बातचीत करके भी समस्या का निपटारा कर सकते हैं और कन्सेंट से डाइवोर्स हो सकता है। यही नही इसके साथ-साथ अगर डाइवोर्स की पेटीशन चल पड़े तो कोर्ट इस बात के लिये प्रोसीडिंग्स रोक सकता है कि 15 दिन के अन्दर दोनों पार्टियां समझौता

कर लें। इसका या इसमें गुंजाइश है। और एक नया उपाय भी रखा है कि कोर्ट किसी आदमी को या दोनों की मर्जी से कोई समझौता कराने वाला आदमी भी नियुक्त कर सकता है। अगर गौर से देखें तो जो 1954 और 1955 के पुराने कानून थे वह समाज के अनुकूल नहीं थे। आज हमारा समाज बड़ी तेजी से वेस्टरनाइज्ड हो रहा है और विवाह करने के तरीके में अजीब-अजीब चीजें सामने आ रही हैं। आजकल तो टेलीफ़ोन से भी शादी हो जाती है, और मुझ को तो यहां तक मालूम है कि महात्मा गांधी की समाधि पर गये और दोनों ने सर झुका दिया और शादी तय हो गई। तो समाज बड़ी तेजी से बदल रहा है और उसके लिये ऐसा कानून होना चाहिए था।

भारत की नारी को अभी तक लोग एक खिलौना समझते थे, भोग-सभोग और मनोरंजन का साधन समझते थे, अपनी व्यक्तिगत भावनाओं को पूरा करने का साधन समझते थे। यह जो बिल है यह न केवल स्त्री को समान अधिकार दिलाता है, बल्कि नारी वर्ग को एक भावना मिलती है कि मैं पुरुष के बराबर हूं। तो कानून जहां पर विवाह के सम्बन्ध में एक नया मोड पैदा करता है वहां समाज में स्त्री और पुरुष की समानता का एक नया वातावरण भी पैदा करता है। जो कानून पेश हुआ है, आप जानते हैं कि आजकल हमारे देश में रहने वाली दूसरे देशों की नारियों से हमारे भारतीय लोग शादी करते हैं। जो वेस्टर-नाइज्ड औरतें हैं उनमें डाइवोर्स की बडी भावना होती है। जब वह किसी भारतीय से शादी करने को तय करती थी तो डाइवोर्स ला को बड़े गौर से पढ़ती थी और देखती थी कि अगर भारतीय से शादी कर लें तो डाइवोर्स ही नहीं हो सकता है। लेकिन अब इसके बाद इन्टर कास्ट मेरिजेज होंगी, दूसरे देशों की औरतों से शादी करने का प्रचलन होगा, और इस डाइवोर्स कानून से लोगों को बड़ी शक्ति मिलेगी, खासकर औरतों को। यह स्त्री समाज को आगे ले जाने वाला कानून बनेगा।

आप ने बहुत अच्छा संशोधन रखा है कि जो प्रोसीडिंग्स होंगी डाइवोर्स की कोर्टस में वह इन कैमरा होंगी। यह एक अच्छा आइडिया है। लेकिन अगर कोई डाइवल्ज कर दे तो आप ने 1,000 रू० जुर्माने की बात रखी है। आजकल के जमाने में 1,000 रु० के क्या माने हैं? मैं चाहता हूं कि जुर्माने की जगह कम-से-कम तीन साल की सजा होनी चाहिए, क्योंकि एक बार बदनामी किसी की करने के बाद, उसकी कहानी अखबार में निकलने के बाद वापस नहीं आ सकती है। तो मंत्री जी सजा का प्रोवीजन करें तो बहुत अच्छा होगा।

इन शब्दों के साथ मैं इस विधेयक का समर्थन करता हूं।

श्री चन्द्र शैलानी (हाथरस) : माननीय उपाध्यक्षजी, यह बिल लाकर माननीय मंत्री जी ने जो साहस दिखाया है, इसके लिये मैं उनको धन्यवाद देता हूं और इस बिल का स्वागत करता हूं।

भारतीय संस्कृति और सभ्यता के अनुसार विवाह एक पवित्र एवं अटूट बन्धन है। जो पति पत्नी एक बार विवाह के सूत्र में बंध जाते हैं, हमारी सभ्यता और संस्कृति कहती है कि उनका साथ तभी छूटता है जब वह दुनिया से चले जाते हैं। लेकिन कुछ परम्पराएं और मिसालें इस तरह की रही हैं जिनकी वजह से यह शादी का बंधन कभी-कभी एक ऐसी स्थिति पैदा कर देता है पति पत्नी के दिल और दिमाग में, जिससे उसका जीवन दुश्वार हो जाता है।

असल में बात यह है कि हमारे देश में जो सामाजिक व्यवस्था है, उसमें बहुत से

[श्री चन्द्र शैलानी]

दोष हैं, जैसे शादी होती है, कभी-कभी ऐसा होता है कि लड़के और लड़की की इच्छा के विपरीत शादी हो जाती है।

MR. DEPUTY-SPEAKER: The hon. Member will continue on Monday.

Now, we take up Private Members' Business. Bill to be introduced. Mr. Panda.

15.32 hrs.

CONSTITUTION *(AMENDMENT) BILL

(Amendment of article 15 and insertion of new article 16A, etc.)
by Shri D. K. Panda.

SHRI D. K. PANDA (Bhanjanagar): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Constitution of India.

MR. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

> "That leave be granted to introduce a Bill further to amend the Constitution of India."

The motion was adopted.

SHRI D. K. PANDA: Sir, I introduce the Bill.

15.34 hrs.

CONSTITUTION (AMENDMENT) BILL

(Amendment of article 124)

by Shri P. K. DEO—*contd.*

MR. DEPUTY-SPEAKER: We take up further consideration of the following motion moved by Shri P. K. Deo on the 7th May, 1976:—

> "That the Bill further to amend the Constitution of India, be taken into consideration."

Last time, Mr. Somnath Chatterjee was on his legs. But he is not present in the House now.

SHRI DINEN BHATTACHARYYA (Serampore): He is held up in Calcutta.

MR. DEPUTY-SPEAKER: He is not present in the House now. The next name that I see here is the name of my good friend, Mr. Naik.

SHRI B. V. NAIK (Kanara): Mr. Deputy-Speaker, Sir, I have gone through the Constitution (Amendment) Bill which Mr. P. K. Deo has brought forward. It seems that the main thrust is towards the maintenance of the principle of seniority to govern the selection of the Chief Justice of the Supreme Court—and whatever are the other technicalities. I have submitted an amendment—I have not been able to lay my hands on a copy of the same—in regard to the qualifications of the Chief Justice of the Supreme Court who, according to Mr. P. K. Deo, should nominate his successor to succeed him in the case of his retirement. I have suggested that the qualification of a Chief Justice should be that he should be the most relevant, and relevance, I feel, in regard to a Member adorning the Benches of the judiciary at the highest place in this country should be a sort of social relevance, knowing the problems before the country and the solutions that are going to be presented. A judge who is not living in the present and is also not viewing the future of the country will not be able to do justice in bringing to the common people, to the petitioners before him, what is called social justice.

Sir, most of the members belonging to this venerable or revered profession of judiciary are definitely men of learning and are also men with a deep amount of compassion, but like most of us, they are not in a position to get away from the grip of their own environments; the environment need not necessarily be an environment of a class or of a section, however privileged it may be, or of a profession, of a training or of the background of affluence or lack of contact

*Published in Gazette of India Extraordinary, Part II, Section 2, dated 21-5-76.

with the masses. But the environment may be contained even in the discipline to which a member of the Judiciary is subjecting himself. I do not see any reason as to why these shackles of environment should not be broken from the members of the judiciary which will be able to point out to us as to among the 13 or 14 Judges who adorn the Supreme Court, who are the most relevant, whose judgment has the greatest amount of impact on the future course of society and whose decisions do not amount to mere administration of law which most of the Judiciary Members are doing to-day. They are administering the law which has been given to them. They are not dispensing justice in the real sense of the word. As a member of the Committee on law we have had many opportunities to discuss. Therefore, with due regard and meaning nothing in person to the Members who may be constituting at present the Supreme Court Bench, I would say that the most relevant person should be the Chief Justice of India because after all his directions as the leader of the team would be the guideline for the rest of the members of the Judiciary.

At this stage I have an opportunity to bring to your notice as also the House and the Minister that there are certain lacunae even in the best of judgements and their implementation on the people. I may be permitted to quote a judgment in regard to which the hon. Minister is also a party. The cultivators of a small village have gone in appeal under section 25 of the Monopolies and Restrictive Trade Practices Act before none-else than the final court of appeal, that is, the Supreme Court of India under a land acquisition case which was a *mala fide* one.

MR. CHAIRMAN: How is all that relevant here?

SHRI B. V. NAIK: I am saying about the dispensation of justice *versus* its implementation. If the Chairman were to give me the time, I will prove at the end the connection between what to-day we have in the Supreme Court, a very competent batch of people, and the actual dispensation of justice. In that case the parties were the poor cultivators coming from a backward class against the Government of India in the Ministry of Law, against the Government of Karnataka in the Department of Industries, against the Monopolies Commission set up by the Government of India, against the Ballarpur Paper and Straw Boards Ltd. and against the Mysore Industrial Areas Development Corporation. They had passed an order against the dispossession of the cultivators on the 3rd May, 1976 to which also our Minister whom I personally admire is a party as a respondent. The licence that has been granted has been stayed by the Supreme Court.... *(Interruptions)*. Obviously from this critical comment

I can make out that the hon. Minister is not aware of this case. It is the job of his Secretary to apprise him of it. And in spite of staying of the licence no effect is being given to the decision of the Supreme Court handed down by the Chief Justice, Mr. Ray, Mr. Justice Beg and Mr. Justice Jaswant Singh. In case the decisions of the Supreme Court, the highest judiciary of the land, are going to be disregarded by the district authorities and the District Magistrate who is not ging to take cognizance of the decision of the Supreme Court, where are we? Still we talk about the laws made by this august House. I, therefore, request that to this case of 250 cultivators of Hireguthi village, Gumta Tk, North Kanara Dt. against the Government of India, against the State Government of Karnataka, against the Mysore Industrial Areas Development Board and the Ballarpur Paper and Straw Boards Ltd. and against your much exalted Monopolies Com-

[Shri B. V. Naik]

mission—I do not know, we will have to discuss about it at a later date—the hon. Minister may kindly pay his attention and the justice that is rendered by the Supreme Court may be translated by executive action into reality on the field.

SHRI DINESH JOARDER (Malda): From our side Mr. Somnath Chatterjee was to speak on the Bill. He started on the last occasion. He could not complete his speech that day, he was to continue. Because of certain business he has been held up at Calcutta. So, I rise to speak, though I have not gone through carefully regarding the cbiects or probale consequences of this Bill.

In the present day in our country we are passing through such a state of affairs that even in Parliament, in this august House, we are not free to express our feelings in a proper manner, in proper language. That will not come to the knowledge of the people at large. In the present context, people of our country, even Members of Parliament, have no security of life, no fudnamental rights, which were envisaged originally in the Constitution of India. We cannot get them enforced in High Courts or Supreme Court.

The latest judgment of Supreme Court has declared that during emergency we have no fundamental rights, no right to life or whatsoever. We have no fundamental rights. We could not get them enforced in Law courts. This is the state of affairs we are passing through.

SHRI P. K. DEO (Kalahandi): Mr. Chairman, Sir, I am extremely grateful to all those colleagues who had participated in this debate. As early as 1971, as a student of law, while browsing through the Constitution, I found some loopholes and wanted to plug them. That is why I thought it to be my duty—and it was a compulsion of duty which forced me—to bring in a bill of this type, to lay down a procedure for the appointment of the Chief Justice of the Supreme Court. It is because of the Rules of Procedure in this House that an earlier discussion on this was inhibited. If there would have been an earlier discussion, *i.e.*, prior to the appointment of Shri A. N. Ray as the Chief Justice of India, if some consensus could have been evolved at that time, or if some guidelines could have been given by this House, then all the controversy and all the heat that had been generated after the appointment of Shri A. N Ray would not have been there.

So, the very purpose of the bill is to have a guideline, not to leave it entirely to the discretion of the Executive, so far as the appointment of the Chief Justice of the Supreme Court is concerned. So, I wanted a guideline. Sir, subsequent events as they unfolded themselves, have fully corroborated my apprehensions, in that it is because of lack of a guideline that all these unfortunate situations have developed. I quite agree that the guideline suggested by me is not fool-proof; there could be improvements on it. Some new guidelines could have been suggested. So, I do not insist that mine is the only one and the best guideline for appointment to the post of Chief Justice of the Supreme Court. I fully agree with all those Members who still hold that view.

But, Sir, I would like to emphasize at this stage, that the independence of the Judiciary should be a 'Must' for the proper functioning of this democracy. It is one of the main edifices on which the very fundamental concept of democracy and the democratic character of our Constitution have been built. That independence of the Judiciary has to be preserved.

Sir, in the Federal Court, we had then the Chief Justice by name Sir Maurice Gwyer. When the fate of the British Empire was hanging, he did not hesitate to declare the Defence of India Rules to be *ultra vires*. The judiciary in a country like the United States, has asserted its supremacy in bringing down a person like Mr. Nixon, a President who, unlike our President, is all powerful, so far as the American Constitution is concerned.

So, taking all these factors into consideration, I beg to submit that my purpose has been served. Much wind has been taken out of my sail when there was a debate in 1973. My friend, the Minister of Law stated that I was flogging a dead horse; but I beg to differ from him. It is not a dead horse. It is a live horse; it is and continues to be a live issue, unless and until there is a guideline and so long as this prerogative of the President to appoint a judge on the advice of the Council of Ministers, still remains a part of the Constitution, this issue is still alive. It is a live issue. So, I think, there should be some rethinking on this subject. When our Constitution is going to be amended very soon, as it appears, and the Congress Party has appointed a Committee under the Chairmanship

[Shri P. K. Deo]

of Shri Swaran Singh to go into this question, I would request all those persons who want to improve our Constitution to give a thought to this aspect.

17 hrs.

With these words, I think, my purpose has been served and I beg leave of the House to withdraw my Bill.

MR. CHAIRMAN: The question is:

"That leave be granted to Shri P. K. Deo to withdraw the Bill further to amend the Constitution of India."

The motion was adopted

SHRI P. K. DEO: I withdraw the Bill.

17.01 hrs.

CONSTITUTION (AMENDMENT) BILL

(Amendment of article 75)

MR. CHAIRMAN: We now take up the Bill of Shri Bibhuti Mishra.

श्री विभूति मिश्र (मोतीहारी) : सभापति महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि भारत के संविधान का और संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाये।"

मेरे विधेयक का उद्देश्य यह है कि संविधान के आर्टिकल 75 में संशोधन किया जाये। यह विधेयक बहुत ही पवित्र और निरापद है। इस विधेयक के स्टेटमेंट आफ आबजेक्ट्स एण्ड रीजन्ज से इस बात का पता चल जायेगा कि मैंने इस विधेयक को क्यों प्रस्तुत किया है।

दुनिया के विभिन्न देशों में कई प्रकार की शासन-प्रणालियां रही हैं। कहीं राजा हैं, कहीं आलिगार्की है, कहीं प्रजातन्त्र है, कहीं समाजवादी सरकार है और कहीं साम्यवादी सरकार है। लेकिन दुनिया में कहीं चैन नहीं है, हर जगह गद्दी के लिए अशान्ति है। इससे मालूम होता है कि अभी तक दुनिया में राज्य को चलाने के लिए कोई फूलप्रूफ फ़ार्मूला तैयार नहीं हो पाया है।

सुनते हैं कि पहले जमाने में राजा लोग कुछ समय के बाद स्वतः रिटायर हो जाते थे और अपने लड़के को गद्दी दे देते थे, अथवा उस जमाने की इनटेलेक्चुअल क्लास, पंडित लोग, राजा से गद्दी छोड़ने के लिए कह देते थे। जिन्होंने पुराणों को पढ़ा है, उनको पता होगा कि कभी कभी राजा गड़बड़ करते थे, तो प्रजा उन को हटा देती थी। भागवत् पुराण से यह बात पता चलेगी।

मेरे मन में क्यों यह इच्छा हुई कि इस बिल को लाया जाये? मैंने देखा कि कुछ स्टेटस में मिनिस्टरशिप के लिए झगड़े चले आ रहे हैं, कई लोग तीन चार टर्म तक मिनिस्टर बने रहते हैं, लेकिन फिर भी उनकी आकांक्षा पूरी नहीं होती है। अब आदमी एक बार मिनिस्टर बन जाता है, तो ऐसा चक्कर बना देता है कि वह वहां से जल्दी हटना नहीं चाहता है।

मैंने सोचा कि इस स्थिति में सुधार करने के लिये एक बिल लाना चाहिए। मुझे पंडित जी की याद आ गई। उन्होंने एक कामराज प्लान चलाया था। पंडित जी ने चलाया, या श्री कामराज ने चलाया, इस समय इसमें जाने की जरूरत नहीं है। उस प्लान के अन्तर्गत कुछ स्टेटस के मन्त्री हटे और कुछ मन्त्री केन्द्र के हटे। इसका उद्देश्य यह था कि उन्हें यह पता चले कि गद्दी पर रहने से क्या स्थिति होती है और वहां से हटने के बाद आम जनता की सेवा करने से पता चले कि जनता के दुख-दर्द क्या हैं। दुनिया में पहली बार इस प्रकार की योजना चलाई गई।

लेकिन मैं समझता हूं कि वह प्लान श्री कामराज की जिन्दगी में ही अधिक सफलीभूत

नहीं हुई, और परिस्थिति जहां की तहां रही। आज हम सम्पत्ति का बंटवारा कर रहे हैं, और चीजों का बंटवारा कर रहे हैं। लेकिन जितनी पुस्तकें मैंने पढ़ी हैं, उन सब में यह लिखा है कि राजतन्त्र की ताकत सबसे बडी ताकत है, इसलिए सब उसके लिए होड़ लगाते हैं। तो फिर इस पर कैसे नियन्त्रण लगाया जाये ? अगर मनुष्य मरणशील न होता—मैन इज मार्टल—, तो वह जन्म-भर गद्दी पर रहता। अब लोग कहते हैं कि दो साल हुए, एक्सपीरिएंस हुआ, मगर फर्ज कीजिए कि किसी को हार्ट अटैक हुआ, मर गया तो उस बाद उसके काम को कौन देखेगा ? कहीं ऐक्सीडट हो गया, उसमें मर गए तो कौन काम देखेगा ? तो दुनिया तो बन्द नहीं होती है। यह दलील उचित दलील नहीं है कि हम नहीं रहेंगे तो दुनिया नहीं चलेगी। गांधी जी नहीं रहे, राम कृष्ण नहीं रहे, ईसा मसीह नहीं रहे, बुद्ध भगवान नहीं रहे और महावीर नहीं रहे, तब भी दुनिया चलती आई और चल रही है। हम आप नहीं रहेंगे तब भी चलेगी हमारी आप की आयु 100 वर्ष से ज्यादा नहीं है और जो सौ वर्ष का हो जाता है वह शरीर से शक्तिहीन हो जाता है। तो वह कोई कहे कि हम रहेंगे तभी दुनिया चलेगी या अमुक नहीं रहेगा तो दुनिया नहीं चलेगी, यह गलत बात है।

इसलिए शक्ति के बंटवारे के लिए जरूरी है कि दो टर्म दीजिए। उस आदमी को पता चल जायगा, कुछ ट्रेनिंग मिल जायगी, फिर गांवों में जायगा। दूसरा आदमी मिनिस्टर हो जायेगा। उसको ट्रेनिंग मिल जायगी, शक्ति का भी बंटवारा होगा और बड़े पैमाने पर लोग मन्त्री भी हो जाएंगे। उनको ज्ञान भी हो जायगा कि सरकार क्या है ? सरकार की बातों का भी ज्ञान हो जायगा। मान लीजिए अगर स्कूल कालेजों में थोड़े से ही लड़कों को पढ़ाया जाय तो और लड़के तो मूर्ख ही रह जाएंगे। इसलिए बड़े पैमाने पर इस को करना चाहिए और मैंने सोचा कि हिन्दुस्तान इसमें आगे बढ़े क्यों कि पंडित जी ने कामराज प्लान चलाया था तो पंडित जी ने कोई फिलास्फी तो लिखी नहीं, कामराज ने कोई फिलास्फी नहीं लिखी। लेकिन हिन्दुस्तान में एक नई बात की शुरुआत हुई कि बहुत दिनों तक किसी को मन्त्री नहीं रहना चाहिए यह बुनियादी बात तय हो गई लेकिन उसके बाद वह चला नहीं और नहीं चलने का कारण यह है कि स्टेट में झगडे चलते हैं। सैंटर में तो अभी झगड़े होने की कोई उम्मीद नहीं दिखती है। पहले थी। पहले अपनी जिन्दगी में मैंने देखा है कि सैंटर में कुछ गड़बडी होने वाली थी लेकिन पंडित जी का व्यक्तित्व था जिससे यह मामला दब गया। लेकिन इस बात को मैं महसूस करता हूं कि शक्ति का बंटवारा होना चाहिए। एक ही आदमी के नाम बन्दोबस्त नहीं होना चाहिए। एक ही आदमी का यह अधिकार नहीं होना चाहिए कि वही जन्म भर रहे जबकि प्रकृति किसी आदमी को बहुत दिनों तक नहीं रखती। इसलिए मैं चाहता हूं कि सरकार सोचे और दुनिया में कोई दीर्घजीवी तो रहा नहीं। हिन्दुस्तान का ही इतिहास देखिए, कितने राजा महाराजा आए, कितनी गवर्नमेंटस आई और चली गईं। दुनिया के इतिहास को देखें कि कितना उलट फेर आया कितने लोग आए कितने गए। इन सब बातों को देखते हुए मैं चाहता हूं कि हमारी सरकार इस पर सोचे और विचार करे। नहीं तो आज काहे का झगडा है। यह जो एमर्जेंसी लगाई यह किस लिए लगाई गई ? विरोधी पार्टी चाहती थी कि कितने दिनों तक हम बाहर रहें, वे गद्दी पर आना चाहते थे और कांग्रेस सरकार को कम्पीट नहीं कर सकते थे। उसका नतीजा हुआ कि बहुत सारी गड़बड़ करने लगे तो सरकार को एमरजेंसी लगानी पड़ी।

इसलिए मैं चाहता हूं कि यदि इस देश को चलाना है और कोई इस देश में अमर नहीं रहने वाला है तो इसके लिए कोई एक बुनियादी चीज कायम की जाये।

[श्री विभूति मिश्र]

दूसरी बात इसमें यह है कि तनख्वाह 1500 रुपये महीने बंगले सहित कीजिए। यह बिल जब मैंने दिया उस समय आप भी शायद इस हाउस के सदस्य थे, 40 या 30 रुपये हम लोगों को बताया गया कि पर-कैपिटा इनकम है। हिन्दुस्तान में गरीब से से गरीब आदमी 40 रुपये पर निर्वाह करता है और ऐसे 60 प्रतिशत लोग हिन्दुस्तान में हैं। जब 60 प्रतिशत लोग 40 रु० महीने में गुजर करते हैं तो हमारे एक मिनिस्टर को बंगले सहित 1500 रुपये में गुजर करने में क्या दिक्कत है। वियतनाम में एक और पांच का फर्क है आदमी आमदनी में, चाइना में भी ऐसे ही है। और देशों का मुझे पता नहीं है। अब हमारे साथी उदाहरण देते हैं इंग्लैण्ड, अमेरिका का और फ्रांस का। वे धनी देश हैं। उनकी कालोनियां दुनिया में थी और वे दुनिया को लूट कर धनी बने हैं। इसलिए वे इतना देते हैं। लेकिन चीन शोषित देश रहा है, वह इतना कैसे दे सकता है? रशिया का मुझे पता नहीं है। आप ज्यादा जानते होंगे। लेकिन वियतनाम का हमने सुना कि 1 और 5 का फर्क वहां है। इसको देखते हुए और देश की हालत को देखते हुए हम को भी देखना चाहिए कि कितना हम दे सकते हैं। ऐसा नहीं होना चाहिये। कि अगर अमरीका, रूस या कोई दूसरा देश देता हो तो हम भी उसी हिसाब से देने लगे। इस तरह से हम उन्नति नहीं कर सकते हैं। हमको अपनी हालत भी देखनी चाहिये। तेते पांव पसारिये कि जेते लांबी सौर। जितनी औकात हो उसी के अनुसार देना चाहिये। आखिर वह 60 परसेन्ट आदमी हमारे वोटर्स हैं जिनकी आमदनी 40 रुपया महीना है। उनके वोट लेकर हम यहां पर आये हैं तो हम इतना क्यों पायें। इस देश की जो दौलत है उसका बटवारा समुचित रूप से होना चाहिये और उसका कोई तरीका सरकार को निकालना चाहिये। अधिक से अधिक और कम से कम क्या मिलना चाहिये उसका कोई तरीका अभी तक सरकार ने नहीं निकाला है।

सभापति महोदय : आप एक नमूना बनाना चाहते हैं कि मिनिस्टर्स की पे मुकर्रर करके ताकि जो बड़े-बड़े धनी और कैपिटेलिस्ट हैं उनकी रोज की बेतहाशा आमदनी को भी रोका जा सके।

श्री विभूति मिश्र : जी हां। एक अमेरिकन राइटर, डेनियल बिल ने किताब लिखी हैं जिसमें उसने लिखा है कि सब ताकत राजतन्त्र में है। स्टैलिन ने करे साइंटिस्ट्स को मरवा दिया, और देशों में भी मरवा दिया गया लेकिन सवाल यह है कि हम सब पण्डित हों परन्तु हमारी विद्या और पंडिताई काम नहीं आती है, काम आता है राजतन्त्र। अगर राजतन्त्र ठीक हो तो पूजीपतियों को ठीक करने में ज्यादा समय नहीं लगेगा। बिहार, बंगाल, उड़ीसा और असममें जमींदारी समाप्त हो गई, बहुत से कारखानों का राष्ट्रीयकरण किया गया। यदि राजतन्त्र समझ ले कि हमको यह काम करना है तभी वह काम हो सकता है। इसलिए मैं चाहता हूं कि राजतंत्र ठीक से चले। जो पुराने फ्रीडम फाइटर्स हैं वह जानते है कि हमारी क्या गरीबी थी, हम किस तरह से चन्दा इकट्ठा करते थे। हम बाजार में भीख मागते थे। सब्जी, दाल, चावल और नमक की भीख मांगते थे और उसको लाकर के खाते थे। स्वराज की लड़ाई लड़ते हुये जब हम जेल जाते थे तो हमारे चेहरे पर शिकन नहीं होती थी। हमने वह दिन देखा हुआ है और जब आज का दिन देखते हैं तो मालूम होता है किहम पहले कहां थे और आज कहां हैं। हो सकता है, मुझे हार्ट की बीमारी है, मैं कल मर जाऊं या परसों मर जाऊं लेकिन मैं

चाहता हूं कि इस सदन में मैं कह जाऊं कि भाई अगर आप ऐसा नहीं करेंगे तो ऐसा दिन आने वाला है जब दुनियां हिल जायेगी । इसलिये जरूरत इस बात की है, मैं इस सदन से और देश के अपने भाइयों से कहना चाहता हूं, कोई ऐसा कायदा बनाया जाये । आज यह चर्चा चल गई है कि नसबन्दी कराओ । नसबन्दी की चर्चा इसलिये चल गई कि देश में पापुलेशन ज्यादा है लेकिन इस बात की कोई गारंटी नहीं ले सकता है कि दो लड़कों के बाद तीसरा लड़का ज्यादा इंटेलिजेंट नहीं होगा या तीसरे के बाद चौथा ज्यादा इंटेलीजेन्ट नहीं होगा । इस बात की कोई गारंटी नहीं है लेकिन चूंकि सरकार को जरूरत पड़ गई है कि देशमें ज्यादा आदमी नहीं इसलिये वह देश में नशबन्दी को लागू कर रही है। अगर सीधे रूप में कहा जाये कि आगे आने वाली जेनेरेशन को कमजोर कर रहे हैं लेकिन राजतंत्र आज यही चाहता है कि उनकी आज आवश्यकता है कि नसबन्दी कराई जाये क्योंकि देश इतने आदमियों को खिला नहीं सकता है। इसलिये मैं कहता हूं कि सरकार को इस बात पर भी सोचना है, हम अमर नहीं हैं, हमारे कल न रहने पर क्या स्थिति होगी । कल को इस गरीब देश में लोग कहेंगे कि फलाना आदमी इतना पाता था, फलाना इतना पाता था, फलाने ने इतने दिन मिनिस्ट्री की लेकिन हमने क्या किया ? हम लोग तो गांधी जी से ट्रेनिंग पाये हुये हैं, किसीसे भी कम योग्यता नहीं रखते हैं, लेकिन खुशामद-बरामद का गुण हममें नही है । हम गांधी जी के साथ डिसिप्लिंड रहे, किसी के सामने मुंह खोलते हुये हमें दिक्कत होती है कि हमें फलानी चीज दो । लेकिन आज ऐसे लोग है भी हैं जो हर-फन-मौला हैं । जो इधर भी रहे और उधर भी रहे, माफी मांग कर आ गये, लेकिन आज मिनिस्टर की गद्दी पर बैठे हुये हैं, अंग्रेजों का साथ दिया, हमको जेल भिजवाया, लेकिन आज गद्दी पर बैठे हुये हैं ।

इसलिये सभापति जी, मैं चाहता हूं कि राजतन्त्र की शक्ति का बटवारा हो, जो राजतंत्र का रुपया-पैसा है वह किसी को कैसे दिया जाय; इसके लिये किसी आचार-संहिता की जरूरत है । मेरा विधेयक तो इस दिशा में एक शुरुआत है, एक नाममात्र की चीज है, पूर्ण विधेयक नहीं है, लेकिन मैं चाहता हूं कि इस विधेयक के द्वारा मैं अपनी सरकार से कहूं कि वह कोई आचार संहिता बनाये, जिसके अनुसार देश का प्रशासन चले । जब यह देश एक आचार-संहिता के अनुसार चलेगा, तब ही आगे बढ़ सकेगा । इसके लिये दुनियां में जितना भी वाद-विवाद हो, वाद हो, विवाद न हो जितनी भी चर्चा हो जाय वह थोड़ी है क्योंकि अब तक दुनियां में इसके लिये कोई फूल-प्रूफ फार्मूला नहीं निकला है कि राजतन्त्र की शक्ति, राजतन्त्र की माली-चीजों का किस तरह से बटवारा हो । जमीन पर सीलिंग हम लगा रहे हैं । कारखानों पर इन्कम-टैक्स लगा रहे हैं लेकिन इन सब से जो सेल-प्रोसीड्स आती है उसके भोगने पर कोई सीलिंग नहीं है । इसका भोग कैसे करेंके—इस पर सीलिंग होनी चाहिये ।

मैंने यह बिल तो एक नाम-मात्र को रखा है लेकिन मैं चाहता हूं कि हमारे ला-मिनिस्टर साहब इस पर खोज करें। हम तो अब बूढ़े हो गये दो-तीन घन्टे मैंने पढ़ा है, लेकिन वह काफी नहीं है आप तो नौजवान हैं मुझ से ज्यादा पढ़ सकते हैं खूब अध्ययन करके एक आचार-संहिता बनाये। मैं यह भी कह देना चाहता हूं—अगर आप नहीं करेंगे तो कल जो दुनिया आने वाली है, वह बड़ी विकट दुनिया होगी । सभापति जी मैंने छात्रों से बातचीत की वे कहते हैं कि आप जो पुराने दस-बीस आदमी हैं—वे तो गाय हैं, हम लोगों को गाय कहते हैं। वे यह भी कहते हैं कि जब आप लोग जनता के सामने जाते हैं तो जनता आपकी पुरानी कुर्बानियों को देख कर रीझ जाती है, आपको वोट

[श्री विभूति मिश्र]

दे देती है। लेकिन अब आगे हर पार्टी में बी०ए०, एम०ए०, प्रोफेसर, लायर, बिजनेस मैन—ऐसे लोग आयेंगे तब मुकाबला होगा, उनका जवाब हम देंगे और हमारा जवाब वे देंगे—उस समय जनता के पास इस तरह का कोई कन्सीड्रेशन नहीं होगा तो उस समय इस देश में जो गड़बड़ी होगी, उसको रोकने के लिये, असन्तोष पैदा न हो, इस दृष्टि से सरकार को पहले से एक आचार-संहिता बना कर रखनी चाहिए, जिसमें यह बात बिल्कुल स्पष्ट हो कि राजतंत्र की जो शक्ति है, उसका बटवारा कैसे होगा ? कितने दिन तक या कितने टर्म तक कोई आदमी मिनिस्टर बन सकता है, कितने दिनों तक वह मेम्बर रह सकता है, उसको कितनी तनख्वाह मिलेगी, क्या-क्या सहूलियतें मिलेंगी।

सभापति जी, जैसे रूस में कहा जाता है—

"Be of the people , be with the people and for the people."

मैं पूछता हूं—ईमानदारी से बताइये कितने लोग आज "विद-दि-पीपल" हैं। आज गांवों में 60 परसेन्ट आदमी भी ऐसे नहीं मिलेंगे जो जूते पहनते होंगे, लेकिन क्या हम गांव में बगैर जूते के जा सकते हैं। अभी चार-पांच दिन की पद-यात्रा काग्रेस जनों ने की और लौट आये। लेकिन इस देश की 60 प्रतिशत जनता को देखते हुए मैं मंत्री जी से कहूंगा कि वे इस पर विचार करें, अध्ययन करें और एक आचार-संहिता बना कर प्रधान मंत्री जी को दें, मेरा ख्याल है—प्रधान मंत्री जी जरूर उस पर विचार करेंगी। गांधी जी की एक किताब है—गांधी-एक्स्पेक्ट्स, उसमें गांधी जी ने लिखा है कि मिनिस्टर, मेम्बर, सब को किस तरह से रहना चाहिए, लेकिन आज मैं देखता हूं कि गांधी जी की उस आचार-संहिता की जो मनोभावना थी, वह अब धीरे-धीरे समाप्त हो रही है। विनोबा जी भी अब बूढ़े हो गये हैं, उनकी जो आचार-संहिता है, वह भी अब आगे दिखाई नहीं देती हैं। मुझे तो ऐसा मालूम पड़ता है—आज हम पूरे राजतन्त्र को भोग रहे हैं, क्योंकि आज देश में आपातकालीन स्थिति है, एक दल दूसरे तरह की बात चाहता है, इसलिए हम दूसरे तरह की बात चाहते हैं। मैं चाहता हूं कि इस देश में एक आचार संहिता बने, कितना मिनिस्टर को मिलेगा, कितना मेम्बर को मिलेगा, इस देश में जो आय होगी, उसका किस तरह से जनता के हित में बटवारा होगा जिसके फलस्वरूप जनता में भी संतोष होगा। तब मालूम होगा कि इस देश में वास्तव में सोशलिज्म है। सोशलिज्म और कम्युनिज्म में, सभापति जी, फ़र्क़ है। अभी हम एक स्टेज पर हैं, सोशलिज्म के स्टेज पर हैं। तो कम से कम सोशलिज्म के स्टेज पर यह पता चले कि हिन्दुस्तान में वह कैसे आयेगा और उसको लाने के लिए यह जरूरी है कि सरकार मेरे विधेयक पर विचार करे क्योंकि असली चीज है राजतंत्र की ताकत और इसमें सरकार को यह देखना चाहिए कि किस को कितना देना चाहिए। इस पर विचार करने के बाद सरकार को इस दिशा में और आगे बढ़ना चाहिए।

मैं मंत्री जी से कहूंगा, ये अभी मंत्री हुए हैं और शरीर से शक्तिशाली हैं और हृष्टपुष्ट हैं, कि वे एक आचार संहिता बनायें और यह न कहें कि इंगलैंड में ऐसा है, अमेरिका में ऐसा है और रूस में ऐसा है। यह बात नहीं होनी चाहिए। वे इस बात की सोचें कि कैसे हम इसको करें। हमारा देश साधुओं, फ़क़ीरों और ऋषिमुनियों का देश रहा है और हमें अपना जीवन उनके जैसा बनाने के लिए तैयार रहना चाहिए तभी इस देश में राजतन्त्र अच्छी तरह से चल सकेगा और देश की अर्थव्यवस्था भी ठीक रहेगी।

इन शब्दों के साथ मैं अपना विधेयक प्रस्तुत कर रहा हूं और मंत्री जी से प्रार्थना करता हूं कि वे मेरे इस विधेयक को स्वीकार करें।

MR. CHAIRMAN: Motion moved:

"That the Bill further to amend the Constitution of India, be taken into consideration."

SHRI SATYENDRA NARAYAN SINHA (Aurangabad): Mr. Chairman, Sir, I share the thinking of my hon. friend Shri Bibhuti Mishra who has brought forward this measure. He has, in his lucid speech, made out a point that there ought to be a fixed term for those who hold offices. In the Statement of Objects and Reasons he has said that the purpose of his Bill is to remove monopoly of power. Well, Sir, I have not been able to understand this particular expression here; it should be "vested interest in power", but I do appreciate the feeling that there ought to be some kind of fixation of the term for which a person can remain a Minister.

I am in complete agreement with him that if a person continues to be a Minister for a long time, he starts feeling, he develops, an idea of indispensability, and he also tries to surround himself with an aura of indispensability to the party and the country and does everything possible to perpetuate himself in power. The result is, there is a certain amount of jealousy, bitterness and resentment against him.

The prolonged association with office so far as that particular person is concerned, also creates in him a certain amount of staleness and kills initiative and the zest for work.

Therefore, I agree that there should be some restriction on these terms.

You will agree that if the same kind of persons are appointed to the same office, every time, it inhibits the growth of talent in the party and that really promising and talented people are not able to get on to the top because they are not able to maneuvre, they are unable to manipulate to go to the top position. This is not a new thinking which Shri Mishra has just placed before us.

For example, he referred to the Kamraj Plan. Earlier to Kamraj Plan, Shri Sanjiva Reddy had mooted out the idea that a person should not remain a minister for more than two terms. Panditji by introducing this Kamraj plan had tried once again to re-establish respect for sacrifice and service which have come to be associated with one office only and that is why he had withdrawn some of the important friends from offices so that they could work with the people and also re-invigorate the party which sent them to the offices.

If a person ceases to be a Minister or is not re-elected again on account of certain conventions, to that extent he does not cease to be an important person nor does he cease to have influence in the party our outside. Actually, by virtue of his contributions and services to the party and to the Government and to the country the person continues to wield considerable influence due to his moral authority and stature. Mahatma Gandhi was not even a four-anna member of the Congress party; still the Congress always sought his advise and guidance on all matters. Therefore, the idea that has been mooted by Shri Bibuti Mishra through this Bill is nothing new.

You might recall that Shri B. G. Kher was the Chief Minister of Bombay for two terms and he voluntarily retired from Chief Ministership of Bombay in 1952 when the General Elections came making way for the next man, Shri Morarji Desai. For that reason, Shri B. G. Kher did not lose his influence in Bombay or, for that matter, in the country. On the contrary, his morel prestige had gone up very high. Panditji did not leave him alone and he made use of his services and sent him as High Commissioner for India in London.

Such an India is not confined to our country alone. You are aware that formerly in the U.S.A., there was a convention in regard to the term of

[Shri Satyendra Narayan Sinha]

Office of the President that a person could not be eligible for election consequently for more than two terms. President Roosevelt broke this convention and got himself elected for the Fourth term. After President Truman, the Republican Party came to power. They adopted a statute by which they fixed the term at two consecutive terms so that no person can be eligible for election as President for more than two terms.

Sir, this kind of thinking has also been going on in the U.S.S.R. and, when the Twenty-second Congress took place, they did adopt a provision of this kind that a person should not be re-elected consecutively for more three terms but, after a lapse of some years, he can be re-elected to the same office. Later on, they did not give effect to this provision but this thinking is still going on there.

Recently, in England, as you are aware, Shri Harold Wilson laid down his office after having served as Prime Minister for ten years. He is not an old man. As you know, he has still a lot of kicks left in hom. He decided to lay down his office to make room for some other persons thereby setting up a very noble convention. This does not impoverish the party nor does it create a feeling that a certain person is indispensable and if he goes, the party goes or the country goes. Nobody is indispensable in the country and nobody should consider himself or almost equate himself with the country itself, or identify himself as the country.

Therefore, Shri Bibhuti Mishra has served a good purpose by focussing our attention on this important point and I do hope the Government will take it into consideration and try to evolve either a convention or make some law whereby a person should not hold office for more than two terms. I would say Shri Bibhuti Mishra's attempt is half-hearted as he talks of the Min'sters only and not of the Prime Minister. I would like to say that nobody should be considered indispensable.

The second provision of this Bill is about the salary of the Ministers. Shri Mishra has himself said that this measures was conceived of by him in 1972 and there is no relevance to the present day situation nor does he consider his suggestion as sacrosanct but he feels because 60 per cent of the people live below the proverty line it does not look nice that the Ministers should continue to enjoy privileges far out of proportion to the general pattern of living in the country and, therefore, he has suggested that a certain code of conduct should be evolved.

For quite some time now we have been thinking of fixing the ratio between the upper limit and the lower limit of a person's income and to reduce the gap between the two. This has been before us for quite some time and earlier we thought of the ratio as 1 : 30. In other countries it has also been thought of. After the revolution in Russia they fixed the ratio at 1 : 1 75 but later on they raised it to 1 : 5. Therefore, I do commend to the Government that they should give greater thought to this question and in this revolutionary decade or the era in which we are living they must take some revolutionary steps and a decision to fix the ratio between the minimum and the maximum should be taken. There is nobody to challenge or go to any court in the event of your taking such a decision. There is no obstacle. Therefore, Government must come out with their decision on this point.

My friend, Shri Bibhuti Mishra perhaps inadvertently spoke about the Emergency situation as having been proclaimed mostly to protect the party in power whereas so far we have been told that it was not so and it was only to take the country on the road to progress. I do not want to join issue with him. All I want to submit is that Shri Bibhuti Mishra has been ac-

tuated by a laudable intention in bringing forward this measure. Government ought to give full consideration to this subject. There must be some kind of ceiling on the terms for which a person can hold office. Secondly, there must be a minimum and maximum income fixed so that a great deal of the noise we make about disparities etc. will disappear. Only the other day when we were discussing the question of judges' salaries, it was said that judges should not be paid more than what they are getting today because we are not thinking of the common man. You are knocking off what you promised to the LIC employees. An anomaly has now been created because yesterday the Calcutta High Court has said that you cannot stop the payment of bonus to them. Here the government brought forward a Bill which has been passed. Why should such a situation arise? Why not take a decision once for all as to the pattern of salary-structure we are aiming at? This question should not be put off.

With these words, I support the Bill. The government should give the fullest thought to this question and set an example before the people that they are not taking any more privileges than they should. This is the Congress tradition. After 1936, the ministers started with a salary of Rs. 500. I do concede that with inflation, the salary should go up and have some relation to prevailing situation. But they should set an example to others in austerity. With these words, I support the laudable objective behind the Bill.

SHRI S. M. BANERJEE (Kanpur): Sir, If you kindly permit me, I want to add the following words to clause 2:

"Every Member of Lok Sabha shall be appointed as Minister for a year during his term."

सभापति महोदय : आज यह खत्म नहीं हो रहा है। आप मेहरबानी करके अपनी अमेंडमेंट स्पीकर साहब के कंसीडर करने के लिये भेज दें।

श्री एस० एम० बनर्जी : एक मेम्बर 5 साल के लिये आता है। अगर हरेक एक-एक साल के लिये मंत्री हो जाये तो हरेक को कम-से-कम कुछ तो तसल्ली हो जाये।

SHRI B. V. NAIK (Kanara): Sir, the spirit with which Shri Bibhuti Mishra, the old Gandhian he is, has moved this Bill is very laudable. As Satyendra Narayanji just now said, when the Kher Ministry was formed in Bombay after 1936, just before the advent of war, they started with this laudable objective of having a salary of Rs. 500. But unfortunately, as Satyendra Narayanji knows, regarding the Gandhian concept of travelling in the common class—known then as third class—and living on Rs. 500, which was still a good pay packed at that time, there were in course of time difficulties in implementation. I distinctly remember in the very early stages travelling with a Parliamentary Secretary in inter class. He had such a big bunch of files with him that it was impractical for him to travel in inter class to be relevant and effective as Parliamentary Secretary. But in course of time, this fell into disuse, but not the spirit behind it and to that extent, we welcome Shri Bibhuti Mishra's principle of simple living and high thinking by all leaders of society, who should be able to guide and place before our youth and the common people of our country the ideal life and to give a guidance as to how they should fashion their own lives. However, the hard realities of life do not permit this. I would, therefore, take your suggestion that as long as we are living in a system of dispparities, the fundamental task of all leadership should be to remove the disparities. I would, therefore, urge

[Shri B. V. Naik]

that the option as to how a Minister should live, what should be his remuneration, what should be his style of living, whether there should or should not be air-conditioning in his residence, should be left open. If the proceedings of this House were not to be conducted under airconditioned circumstances, a few of us were fairly sweating with the external heat, not that we would be decimated or physically incapacitated, but there is a possibility that under adverse physical environmental circumstances, we might have been short-tempered, peevish or might not have been able to concentrate on our work. I would not quarrel with

जिस काम को करने के लिए हम यहां बैठे हैं, हम उसको अच्छी तरह न कर सकते। हम श्री विभूति मिश्र के बिल को अच्छी तरह से न पढ़ सकते। सभी तरह की मुश्किलात होतीं। उनसे बचने के लिए ही हमारे नेताओं ने एक ऐसा पार्लियामेंट हाउस बना दिया है।

this physical amenity as long as it creates an atmosphere of efficiency, as long as the tasks for which the hon. Members of this august House are meant, are fulfilling faithfully. To that extent, I think, we should not quarrel with these efficiency inducing gadgets by which a Minister, a Member, an executive, a leader is to perform or to carry out his responsibilities. But then, comes the question of where do we exactly draw the line I would say or my friend Mr. Mohsin would say that for fulfilling his duty properly, the ideal would be a sort of Alcutte helicopter so that as a Home Minister, he can travel. Is it possible for this country to afford it? I would say, no. Is it possible for every Chief Minister of every State to afford a sort of five or six seater plane? I would say, no. But in case our country is self-sufficient, we would not grudge the highest authority to enjoy all the facilities for his performance as chief executive or some other responsibilities. Naturally, we come to the question as to where in the social hierarchy, does a Minister stand in our country. The points raised by Mr. Mishra are so fundamental and serious that we should be able to give our respect that they deserve. In our country, in the name of efficiency, the living standard adopted by the highest income group is something fantastic. I think, if we measure the disparity in our country that exists between the rich and the poor, it will be, perhaps, in the ratio of 1:10,000, if not more. I am quite sure that the highest income in this country is Rs. 10,000, if not more. Years ago, the idea of having 1:50 as the ratio was mooted. But now, one of the misfortunes of our country during the last 27 years of development is—I would like to get figures to the contrary; it just cannot be proved—that the disparities have increased. And we are aware of the fact that the leadership.

(*Interruption*) kindly give me a few minutes, Sir, so that I can complete the whole theme.

SHRI S. M. BANERJEE: Since the Law Minister is here, I would like to know something. We have received some news that the Calcutta High Court—where the question of bonus for the LIC employees was discussed and a judgement was to be delivered to-day, as Mr. Somnath Chatterjee had said yesterday—has given the judgement that bonus cannot be deducted. And since the Law Minister is here, I would like to know whether he has any information; and if so, whether he would convey it to this House, the other House may also be informed so that the mischief which was done here, need not be done there.

DR. V. A. SEYID MUHAMMAD: I heard it only here. I did not go to the office since I came here this

morning. I left the office at about 10 o'clock.

SHRI S. M. BANERJEE: There are still 15 minutes left. Can you kindly let us know?

MR. CHAIRMAN: The Minister may not it. He can reply on Monday.

SHRI B. V. NAIK: I think I should really compliment Mr. Banerjee on his perseverance. He seems to be a votary of the continuation of the disparity even among the working people. I would not digress; I am coming back to the question of disparities. I hope the Government comes forward as soon as possible with a national policy on this. The poverty line starts at Rs. 200/-. Even if we think in terms of Rs. 200/- per family, and the ratio of 1:50 were to be accepted, is it within the realm of practical possibilities, *i.e.* this Rs. 200/- for the poorest family? Of course, it is the bottom line, the poverty line. Fifty times Rs. 200/- would come to Rs. 10,000 as a monthly income per family. If we are able to aim at this as our objective, in other words, if we have a ceiling on income, would an income of Rs. 10,000/- per family keep a person in good health, good domestic relations, good comfort and good efficiency?

Tomorrow, our Mr. Mishraji himself might become a Minister. Who knows? For all his sincerity and the zest for life, he is one of the youngest elderly people in our House who takes so much interest in its proceedings; and I do not see any reason why he should not become a Minister. I would not like to deprive Mr. Mishra—once he becomes a Minister and once he wants and needs it—of the highest level of income in this country for the period he is there. Let us not create a leadership and then tell them that compared to the man who is doing money-lending, to somebody who is doing indigenous banking, to somebody who is doing black-marketing or smuggling, the posts which we have created to-day ourselves are something inferior from the point of view of monetary remuneration. Let the Ministers, *suo motu*, if they want to put the Gandhian principles into practice, take Rs. 10,000 and then donate Rs. 9,000/-. But they should be entitled to the highest level of income in this country; but not the highest level that is artificially pegged up in this country, where the system is not working properly.

In regard to the second point, *viz.* the tenure, the Constitution is very clear. I think, the question of tenure can work both ways. I am one of those who believe, once we choose our leadership, whether 'A' or 'B' or 'C', whether 'X' or 'Y' or 'Z'—I understand the irony in the amendment of Shri Banerjee—that it should be left entirely to the leadership. Nobody can find out and nobody is a very good judge of himself. It is a matter of leadership. I would, therefore, urge upon Shri Bibhuti Mishraji at the time when he replies to the debate to kindly take note of the submissions I have made to the Chair and give his considered views.

श्री भानसिंह भौरा (भटिंडा) चेयरमैन साहब, मिश्रा जी ने यह जो बिल पेश किया है, इसमें कोई शक नहीं कि उसके पीछे जो भावना है वह अच्छी है लेकिन सवाल यह है कि यह हो सकता है या नहीं। दो टर्म्स की बात कैसे हो सकती है जब तक कि यह सिस्टम है। हमारे यहां एलेक्शन होता है, लोग चुनकर प्रतिनिधि भेजते हैं और उसके बाद एक लीडर चुना जाता है। जो लीडर आफ दि हाउस होता है उसका डिस्क्रीशन है किसको मिनिस्टर रखे किसको न रखे। इन्होंने इसमें प्राइम मिनिस्टर और चीफ मिनिस्टर का नाम नहीं लिखा मिनिस्टर्स का नाम लिख दिया। जो पार्टी इन पावर होती है उसका

[श्री मानसिंह भौरा]

काम है इस चीज को देखना कि कितनी दफा किसी को मिनिस्टर रखा जाये। इस बात का फैसला तो आप पार्टी में ही कर सकते है। इस फैसले का कोई ज्यादा सम्बन्ध हाउस से नहीं है। आप हमारे बनर्जी साहब का अमेन्डमेन्ट ही मान ले तो कोई दिक्कत नहीं रहेगी। मैं समझता हूं असल बात यह है कि यहां पर इतने दिन हो गये आपको लेकिन चांस मिला नहीं इसलिए इस बिल को ले आये।

एक बात मैं कहना चाहता हूं कि मिनिस्टर्स और मेम्बर्स में फर्क क्या पड़ता है। हम सभी यहां पर चुनकर आते हैं जो मिनिस्टर्स नहीं बनते वह एम०पी० रहते हैं। लेकिन जो मिनिस्टर बन जाते है उनमें क्या फर्क आ जाता है एक मिनिस्टर और मेम्बर में क्या फर्क होता है—यह देखने की बात है। जब कोई मिनिस्टर हो गया उसको हम टेलीफोन करते हैं तो मालूम होता है सोये पड़े हैं या बाथरूम में हैं। वह मिलते ही नहीं हैं। मिनिस्टर को दो-चार बार टेलीफोन करने के बाद मेम्बर सोचता है कि हो क्या गया हैं। उनसे मिलने का टाइम नही मिलता है और अगर टाइम दे भी दिया तो भी कभी-कभी ऐसा होता है कि जाने पर पता लगता है वे बाहर चले गये है। यह जो फर्क मिनिस्टर और मेम्बर में आ जाता है वह दूसरे मेम्बरों को महसूस होता है और वह सोचता है यह क्या हो गया। अब यह जो फर्क आ जाता है, सवाल है उसका कैसे मिटाया जाये। इस सिस्टम में तो यह फर्क मिट नहीं सकता है। इस सिस्टम को ही बदलने की जरूरत होगी। उन्होंने कहा हम सोशलिज्म की तरफ जा रहे हैं। लेकिन हम सोशलिज्म की तरफ कहा जा रहे हैं? सिर्फ बातें सोशलिज्म की कर रहे हैं। हां, दिल बहलाने के लिए यह खयाल अच्छा है वैसे कुछ भी नहीं है। सोशलिज्म की कौन सी बात हुई है? मिल्स के ले लेने से या लैंड सीलिंग कर देने से सोशलिज्म नहीं आ जायेगी। क्या लैंड सीलिंग का कानून भी इम्प्लीमेंट हुआ है? जो बीस सूत्री कार्यक्रम है वह तो सोशलिज्म नहीं है। बीस सूत्री कार्यक्रम बड़े बड़े लोगों और जागीरदारी के खिलाफ एक डायरेक्शन है लेकिन उसमें भी क्या हो रहा है? आपने पदयात्रा की होगी, जो पदयात्रा हुई है वह हमने भी पंजाब में देखी है। जहां चीफ मिनिस्टर जाते हैं वहां पहले गाने वाली जाती हैं। गाने वाली गाना गाती हैं, चीफ मिनिस्टर गुजर गये और पदयात्रा हो गई। ऐसी पद-यात्रा हुई है, लेकिन क्या किसी ने लोगों से पूछा कि आपको तकलीफ क्या है? आप बतलाइये इसका क्या इम्पलीमेन्टेशन हुआ है?

आप ने बीस-प्वाइन्ट प्रोग्राम को लेकर खूब प्रचार किया कि हम ने हाउस साइट्स अलाट की हैं—लेकिन अफसोस यह है कि वह 25 परसेन्ट को भी नहीं मिली। मैंने अपने यहां के चीफ मिनिस्टर साहब से कहा, प्राइम मिनिस्टर को भी लिख कर दिया कि हम ने खुद सर्वे किया है, आप 25 परसेन्ट को भी एलाटमेन्ट नहीं दिखला सकते। आप इस मामले में किस पर डिपेण्ड करते हैं—अपने अफसरों पर। आपका जो ढांचा है, आई० ए०एस०, आई०पी०एस० अफसरों का, बस जो कुछ वह कह देता है, आप उसको मान लेते हैं। वे लोग आपके सामने तो यस-सर कहेंगे लेकिन वहां जाकर जो इनका जी करेगा, वह करेंगे। उनकी रिपोर्ट पर आप बिलीव करते हैं और उनकी ही रिपोर्ट को माना जाता है। अगर हम कुछ कहना चाहते हैं तो प्रेस-सेन्सर लगा हुआ है, हमारी बात नही छापी जायेगी, जो डिप्टी कमिश्नर कहेगा, वह सब अखबार में आ जायेगा। उनसे पूछा जायेगा—कितने प्लाट दे दिये, वह कह देंगे—इतने प्लाट दे दिये। हम कहेंगे—दिखलाओ, कहां दिये—यह बात प्रेस में नहीं आयेगी।

इस तरह से आपके 20 प्वाइन्ट प्रोग्राम का इम्पलीमेन्टशन हो रहा है।

आप लैंड सीलिंग को देखिये—बतलाइये, कहां लैंड सीलिग हुआ है? मेरे लैंड-लार्ड वैसे-के-वैसे बैठे हुए हैं, किसी के कुत्ते के नाम जमीन है, किसी की भैंस के नाम जमीन है, किसी ने घोड़े के नाम पर जमीन ट्रांस्फर कर दी है और आप कहते हैं कि लैंड सीलिंग हो गया है, लेकिन प्रेक्टिस में क्या हो रहा है—इसको देखिये। समाजवाद नाम लेने से नहीं आ जायगा। आप बतलाइये—प्रापर्टी राइट्स को आप ने क्यों खत्म नहीं किया? अर्बन सीलिंग की बात कहते-कहते, उनमें से क्या निकला—अर्बन-लैंड-सीलिंग—यह आप के समाजवाद की बात है। कुछ नहीं हो रहा है, हां कुछ बाते जरूर हो रही हैं, हम कहते हैं, चलो, बाते तो हो रही है। हमारे एक मिनिस्टर साहब कहते हैं कि यह तो हमारा प्रोग्राम है, लेकिन आप हमारा पीछा नहीं छोड़ते। मिश्र जी, जो एक दफा मिनिस्टर बन जाता है, वह बदल जाता है। पहले राजे-महाराजे हुआ करते थे, जो वे किया करते थे, उन्हीं बातों को इन्होंने सीख लिया है। हम टेलीफोन करते हैं तो कहा जाता है—सो रहे हैं, बाथरूम में हैं, हम लोगों से बात करना भी पसन्द नहीं करते। उनकी जिन्दगी में तबदीली आ गई है. . .

श्री एस० एम० बनर्जी : बात करने लगेंगे तो काम कुछ नहीं होगा, दिन भर लोग मिलते ही रहेंगे।

श्री भान सिंह भौरा : यह जो हमारे और उनके बीच में फर्क पड़ गया है, मिनिस्टरों में, मेम्बर पार्लियामेन्ट में, एम०एल०ए० में, यह खत्म होना चाहिए, जिस तरह से जनता में रहते आये हैं उसी तरह से जनता के सम्पर्क में रहें, तब काम हो सकता है, वरना कुछ नहीं होगा।

आप ने इस बिल में दो-टर्म्स की बात कही है—यह भी बहुत ज्यादा है। जो पैसा कमाने वाले हैं, वे टो थोड़े से अर्से में ही करप्शन से बहुत ज्यादा दौलत इकट्ठी कर लेते हैं, किसी कम्पनी में हिस्से डाल कर, अपने लड़के को बड़ी-बड़ी कम्पनियों में भेज कर, बड़ी जायदादें बना लेते हैं, बंगले बना लेते हैं, कोठियां बना लेते हैं। हम ने पंजाब में देखा—लक्ष्मण सिंह गिल की सरकार बनी, 6–7 महीने में ही इन्होंने इतना बना लिया कि दोबारा किसी को मिनिस्टर बनने की जरूरत ही नहीं पड़ी। दो टर्म में तो दस साल होते हैं, उन्होंने तो वह काम 6–7 महीनों में ही कर लिया। मै पूछना हू—आप करप्शन के मामलों को क्यों नहीं लेते हैं, इसको खत्म क्यों नहीं किया जाता? आप चाहे तो कर सकते है—प्रापर्टी राइट को खत्म कर दीजिये। जो प्रापर्टी बनाता है उससे हिसाब ले ले—आप कहते हैं कि रिटर्न भर कर दे दो या रिटर्न फाइल कर दो—तो रिटर्न भरने वाला भी ऐसा है और देखने वाला भी ऐसा है। अगर आप रिटर्न भरते हैं तो हमें देखने के लिए दीजिये, तब तो ठीक है लेकिन रिटर्न जो भरता है वह वहां पहुंचती है या नहीं और ठीक से देखी जाती है या नहीं, इसका पता नहीं है। यह रिटर्न तो ऐसे ही हो गई जैसे कि लैंड सीलिंग की रिटर्न भरी जाती हैं। इसलिए यह जो मामला है, इस पर आपको जरा सोचने की जरूरत है।

18.00 hrs.

इसके बाद जो सैलरी का मामला है, आप कहते हैं कि 1500 रुपये सैलरी दी जाये। मैं कहता हू कि आप दो हजार रुपये सैलरी दीजिये, ढाई हजार रुपये सैलरी दीजिये मगर दूसरी जो करप्शन की बात है, वह खत्म होनी चाहिए। ऐसी चीज नहीं होनी चाहिए जैसे कि पहले नवाब साहब के यहां जो अफसर लगते थे, वे कहते थे कि हमें कोई सैलरी नहीं लेनी है, आप हमें अपने यहां रख लो, हम अपना इन्तजाम अपने आप कर

[श्री एस० एम० बनर्जी]

लेंगे। सैलरी लेने की बात तो दूसरी रही, वे कहते थे कि आप हम से 200 रुपये और ले लो लेकिन अपने यहां रख लो। इसलिए यह जो 1500 रुपये सैलरी देने के लिए कहा गया है मैं कहता हूं कि आप चाहे दो हजार रुपये सैलरी दे दें और चाहे ढाई हजार रुपये दे दें लेकिन दूसरी जो बातें होती हैं व खत्म होनी चाहिए। अगर आप चाहते हैं कि समाजवाद हो तो आप को ड्रास्टिक स्टेप्स लेने चाहिए। आप ने कान्सटीट्यूशन में एमेंडमेंटस लाने के लिए जो कमेटी सरदार स्वर्ण सिंह की अध्यक्षता में बिठाई है, उसकी रिपोर्ट जब आयेगी, तो हम देखेंगे कि आप कान्सटीटयूशन में क्या तब्दीलियां करते हैं, जिससे प्रोपर्टी राइट खत्म हो जायें, मोनोपली खत्म हो जाये या और जो दूसरी वाइसेज है, व खत्म हो जायें। अगर वह ऐसा करती है तब हम समझेंगे कि ईमानदारी से आप इसको करना चाहते हैं वर्ना चाहे आप एक दफ़ा दो दफ़ा या तीन दफ़ा ऐसे रेज़ोलूशन लायें या बिल लाये, यह साइडट्रैक करने वाली बात होगी।

इसलिए चेयरमैन, साहब मैं यह समझता हूं कि अगर यह बिल पास करना है, तो एक काम्प्रोहेंसिव बिल आना चाहिए। जब आप संविधान में संशोधन करने जा रहे हैं, तो इन सब बातों को ध्यान में रख कर संशोधन लाने चाहिए।

इन शब्दों के साथ मैं आप को धन्यवाद देता हूं कि आप ने मुझे बोलने का समय दिया और मैं आशा करता हूं कि काम्प्रीहेंसिव बिल आयेगा।

श्री हरी सिंह (खुर्जा) : सभापति महोदय, मिश्र जी के संविधान संशोधन विधेयक पर जो चर्चा चल रही है . . .

सभापति महोदय : अब आप आयन्दा सेशन में अपनी स्पीच जारी रखें।

18.02 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Monday, May 24, 1976/Jyaistha 3, 1898 (Saka).

M. G. I. P. N. D.—P M R—925 LS JC—1338—12-7-76—978.